दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। शुक्रवार 06 जून-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 167 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# बेंगलुरु भगदड़ : आरसीबी और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**नई दिल्ली।** बंगलूरू भगदड़ मामले में आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), डीएनए (इवेंट मैनेजमेंट कंपनी) और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) की प्रशासनिक समिति और अन्य के खिलाफ कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज हुई है। एफआईआर में भगदड़ की घटना में आपराधिक लापरवाही की बात कही गई है। समाचार एजेंसी एएनआई ने गुरुवार को बताया कि इस मामले में धारा 105, 125 (1)(2), 132, 121/1, 190 आर/डब्ल्यू 3(5) के तहत शिकायत दर्ज की गई है।

**केएससीए, RCB और पुलिस को बंगलूरू डीसी ने जारी किया नोटिस :** बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ की मजिस्ट्रेट जांच की जा रही है। इस जांच का नेतृत्व कर रहे बंगलूरू शहरी उपायुक्त (डीसी) जी जगदीश ने गुरुवार को कहा कि कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पुलिस आयुक्त बी दयानंद को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण किया, जहां बुधवार को भगदड़ मची थी। जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

घटना की जानकारी देते हुए उपायुक्त जी जगदीश ने कहा कि, 'आज मैंने केएससीए (कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ) स्टेडियम का दौरा किया। मैंने यहां सभी कार्यक्रम देखे हैं। मैं कुछ लोगों को पूछताछ के लिए नोटिस जारी करूंगा। मैं जांच करूंगा और 15 दिनों के भीतर पूरी करूंगा। मैं केएससीए, आरसीबी प्रबंधन, इवेंट मैनेजर और पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी करूंगा। मैं लोगों से साक्ष्य देने के लिए कहूंगा। इस त्रासदी के लिए कौन जिम्मेदार है, इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, मैं अभी जांच शुरू कर रहा हूं। मैं अभी इसे समाप्त नहीं करूंगा। उन्होंने कहा, मुझे जांच करनी है और सरकार को रिपोर्ट देनी है।'

**कर्नाटक सरकार ने कोर्ट को बताया- 2.5 लाख लोग फ्री एंट्री सोचकर आए :** इस मामले में कोर्ट में भी सुनवाई चल रही है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर आयुक्त ने दिया प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश

## देश भर से आए अतिथियों के समक्ष विक्रमादित्य सिंह मलिक ने वीडियो के माध्यम से प्रस्तुत की गाजियाबाद नगर निगम की प्रजेंटेशन






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में गाजियाबाद के नगर निगम के आयुक्त आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक ने देशभर से आए प्रतिनिधियों के सामने गाजियाबाद नगर निगम की उपलब्धियों को रखा और योजनाओं को साझा किया। उन्होंने ये बताया कि नगर निगम किस तरह से शहर को प्लास्टिक मुक्त कराने के लिये अभियान चला रहा है। नगर आयुक्त ने देशभर से आए अतिथियों के सामने गाजियाबाद नगर निगम की प्रजेंटेशन की और वीडियो के माध्यम से पूरा कार्यक्रम समझाया। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने इसकी प्रशंसा की। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर निगम के अलावा भोपाल नगर निगम के नगर आयुक्त हरेंद्र नारायण तथा हुगली नगर निगम की नगर आयुक्त रुद्रेश द्वारा भी अपनी प्रजेंटेशन दी गई।

### प्लास्टिक मुक्त अभियान की वसूली में नबर-1 है गाजियाबाद नगर निगम




करंट क्राइम। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जानकारी देते हुए नगर आयुक्त ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद नगर निगम प्लास्टिक मुक्त अभियान की वसूली में नंबर-1 में है। सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से गाजियाबाद नगर निगम हर घर से प्लास्टिक को निकाल रहा है तथा रिड्यूज, रियूज, रिसाइकिल का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

### नगर निगम ने लगाई वेस्ट प्लास्टिक से बने उपयोगी सामान की प्रदर्शनी

करंट क्राइम। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर निगम का भी स्टॉल लगाया गया। इस कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किये जा रहे कार्यो की तथा वेस्ट प्लास्टिक से बनाए गए उपयोगी सामान की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस कार्यक्रम में लोगों को प्लास्टिक मुक्त अभियान के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम में आयोजित पैनल डिस्कशन में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे प्लास्टिक मुक्त अभियान की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई।

### सांसद अतुल गर्ग के कार्यक्रम से दूर रहने पर बोले कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

# सांसद अगर बुलाते तो हम जरूर जाते






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग विदेश से लौटकर आए तो उनकी इस अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के संस्मरण को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रतिनिधिमंडल में गए दो अन्य सांसद भी आए। इस कार्यक्रम में भाजपा के शहर विधायक भी पहुंचे और पूर्व मेयर अशु वर्मा भी पहुंचे, लेकिन जिस विधानसभा में ये कार्यक्रम था उस विधानसभा के विधायक ही इस कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। करंट क्राइम ने कैबिनेट मंत्री से ही ये सवाल किया कि आपकी विधानसभा में अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के संस्मरण हो रहे थे और लोकसभा सांसद वहां मौजूद थे, लेकिन आप क्यों नहीं पहुंचे। इस पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम पप्पू पहलवान ने आयोजित किया था। सांसद अतुल गर्ग तो इस कार्यक्रम में मेहमान थे। यदि कार्यक्रम अतुल गर्ग आयोजित करते और वो हमें बुलाते तो हम जरूर जाते। इतना कहकर उन्होंने बात को विराम दिया।

गौरतलब है कि इस कार्यक्रम में भाजपा के अन्य लोग भी पहुंचे थे। यहां पर यह भी उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम को सामाजिक संस्थाओं से जोड़ा गया था और इसे एक तरह से देश भक्ति से जुड़े संस्मरणों का कार्यक्रम बताया गया था। भगवा राजनीति में पहले से ही पावर सेंटरों के टकराव की बात सुनाई देती रहती है। ऐसे में जब एक पावर सेंटर के विधानसभा क्षेत्र में दूसरे पावर सेंटर के स्वागत का कार्यक्रम आयोजित हुआ तो सभी की निगाहें इस बात थीं कि क्या कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा इस कार्यक्रम में आएंगे।

# बकरीद से पहले शुक्रवार को लेकर पुलिस कमिश्नरेट अलर्ट, ड्रोन से रखी जा रही है निगरानी

### - वॉलिंटियर्स और सादे कपड़ों में लगाए जा रहे हैं पुलिसकर्मी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बकरीद के त्यौहार को लेकर जहां मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सड़क पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्था संभालने का निर्देश दिया है। तो वहीं गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट सिटी जोन और ग्रामीण जोन के संवेदनशील इलाकों में ड्रोन के जरिए निगरानी रखी जा रही है। गुरुवार को कई संवेदनशील और सघन आबादी वाले क्षेत्र की ड्रोन से रिकॉर्डिंग कराई गई है। तो वहीं शुक्रवार को लेकर भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन के अधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। नमाज के समय सभी प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों पर पुलिस की ड्यूटी रहेगी। तो वहीं बकरीद के दिन भी सभी प्रमुख नमाज स्थलों पर पुलिस की तैनाती का चार्ट फाइनल कर दिया गया है। वहीं एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने भी मुरादनगर मसूरी थानाक्षेत्र में जाकर स्थानीय लोगों और मस्जिद कमेटी से सड़क पर नमाज न कराए जाने का निर्देश देते हुए नमाज अलग-अलग शिफ्ट में कराने का सुझाव दिया है।

### शरारती तत्वों और सोशल मीडिया पर रहेगी खुफिया तंत्र की नजर



करंट क्राइम : बकरीद के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए शुक्रवार से ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारी अलर्ट मोड पर रहेंगे। शुक्रवार की नमाज को लेकर जहां सभी मस्जिदों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस नजर रखने का काम करेगी। तो वहीं शाम के समय फ्लैग मार्च भी निकाला जाएगा और सोशल मीडिया पर भी खुफिया तंत्र और पुलिस की टीम निगरानी रखने का काम कर रही है ताकि शरारती तत्वों किसी प्रकार की पोस्ट एवं वीडियो डालकर माहौल न

# 28 दिन में 23941 वाहन चालकों पर हेलमेट न लगाने पर हुई कार्रवाई

## गलत दिशा में वाहन चलाने पर 4759 चालकों पर ट्रैफिक पुलिस ने लिया एक्शन

### - पुलिस कमिश्नर लगातार कर रहे हैं ट्रैफिक सुधार के प्रयास



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में यातायात पुलिस द्वारा सड़क हादसों में कमी लाने और लोगों की लाइफ लाइन बचाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले, विपरीत दिशा में वाहन चलाने वाले, शराब या अन्य मादक पदार्थ का सेवन कर दोपहिया और चारपहिया ड्राइव करने वालों के साथ ही ऑटो-ईरिक्शा में क्षमता से अधिक सवारी, बिना सीट बेल्ट और दो पहिया वाहनों पर तीन लोगों को बैठने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई चल रही है। बीती 8 मई से लेकर 4 जून तक के बीच में पुलिस कमिश्नरेट की ट्रैफिक पुलिस द्वारा कुल 23941 ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की है, जो बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे। इसके साथ ही विपरीत दिशा में वाहन चलाने वालों पर भी यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 4759 वाहन चालकों पर एक्शन लिया है। तो ऑटो और ई-रिक्शा में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वाले 4738 चालकों पर पुलिस ने चालान काटने की कार्रवाई की है। वहीं बिना सीट बेल्ट के भी वाहन चलाने वालों को यातायात पुलिस नहीं छोड़ रही है। साथ ही दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाकर चलने वालों के लगातार चालान काटे जा रहे हैं। एडीसीपी ट्रैफिक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सच्चिदानंद ने बताया है कि लगातार एसीपी और यातायात निरीक्षक सड़कों पर उतरकर अभियान के तहत लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ ही उनपर कार्रवाई भी कर रहे हैं।

### ऑटो-ईरिक्शा वालों के भी काटे गए बड़ी संख्या में चालान

करंट क्राइम : एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने बताया है कि ऑटो-ईरिक्शा में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने और ओवरलोड के कुल 4738 चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनके चालान किए गए हैं। वहीं बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले कुल 954 चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने वाले कुल 2719 चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने एक्शन लिया है।

### ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान में भी हुई 236 लोगों पर कार्रवाई



करंट क्राइम : सड़क हादसों में अधिकांश गंभीर दुर्घटनाएं नशे की हालत और ओवर स्पीडिंग करने के चक्कर में होती हैं। नशे की हालत में वाहन चलाने वालों को लेकर भी यातायात पुलिस गाजियाबाद द्वारा कार्रवाई की जा रही है। जिसमें ट्रैफिक पुलिस गाजियाबाद द्वारा बीते 28 दिनों में नशे की हालत में वाहन चलाने के दौरान नशे की हालत में मिलने वाले 236 चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। इसमें अधिकांश दोपहिया और चौपाइया वाहन चालक शामिल हैं।

### अतिक्रमण करने वाले 422 लोगों को भेजा गया नोटिस

करंट क्राइम : गाजियाबाद में यातायात की व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार अधिकारियों की बैठकें हो रही हैं। तो सड़क पर उतरकर अभियान और कार्रवाई भी सुचारू है। तो वहीं सड़क पर अतिक्रमण करने और ठेली, दुकान लगाकर रास्ता अवरुद्ध करने को लेकर भी अब पुलिस कमिश्नरेट भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-152 के अंतर्गत नोटिस जारी कर रही है। साथ ही ऐसे अतिक्रमण और अवैध कब्जा करने वाले दुकानदारों को एसीपी की कोर्ट में हाजिरी लगानी पड़ रही है। बीते लगभग 28 दिनों के दौरान 422 दुकानदार, ठेली और खोखा वाले ऐसे लोगों को भी कार्रवाई का शिकार बनाया गया है।



यातायात पुलिस लगातार सीट बेल्ट, हेलमेट और गलत दिशा व नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। किसके साथ ही लोगों को जागरूक करने का भी अभियान चलाया जा रहा है। बीते 28 दिनों में यातायात पुलिस द्वारा कई बड़े एक्शन लिए गए हैं।

सच्चिदानंद, एडीसीपी ट्रैफिक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

# मां सीता संग विराजे राजा राम, सीएम योगी ने उतारी आरती

**अयोध्या।** 22 जनवरी 2024 को जब बाल स्वरूप में रामलला राम जन्मभूमि के गर्भगृह में विराजे, तब से अयोध्या में भक्तों का उत्साह सातवें आसमान पर था। परंतु अब, उससे भी एक कदम आगे, अयोध्या ने एक और स्वर्णिम अध्याय रच दिया है जब मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम राजा राम के रूप में, राम मंदिर के प्रथम तल पर अपने राज दरबार में विराजमान हुए हैं। यह दृश्य मात्र एक प्रतिमा नहीं, बल्कि एक युग का पुनर्जन्म है।

श्रीराम अब अकेले नहीं हैं ,उनके साथ मां सीता, भ्राता लक्ष्मण, भक्त हनुमान, भरत, शत्रुघ्न और गुरु वशिष्ठ भी विराजमान हैं। यह पूरा दृश्य हमें सीधे त्रेतायुग के उस अद्भुत रामराज्य की स्मृति दिलाता है, जिसकी कल्पना वेदों और पुराणों में की गई है। रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास लिखते हैं ह्यरामराज बैठे त्रैलोका, हरषित भये गए सब सोका।ह्न वही दृश्य आज अयोध्या में जीवंत हो गया है।

**कैसा है रामराज्य का दरबार? :** भगवान राम का दरबार न्याय, करुणा और धर्म का प्रतीक था। वे सिंहासन पर विराजमान होते हुए, प्रजा के हर सुख-दुख को अपनी जिम्मेदारी समझते थे। वे केवल एक राजा नहीं, ह्यराजर्षिह्न थे, जो तप, त्याग और सेवा का जीवंत स्वरूप थे। दरबार का दृश्य अद्भुत है। स्वर्ण जड़ित सिंहासन, सिंहों की आकृति से सुशोभित मंच और उसके चारों ओर खड़े उनके परिजन और सेवक। यह केवल एक स्थापत्य कला नहीं, यह आस्था का मूर्त रूप है।

**रामराज्य की ओर पहला कदम**

अयोध्या में विराजित राजा राम का दर्शन आज के युग के लोगों को यह विश्वास दिलाता है कि रामराज्य केवल एक कल्पना नहीं, एक जीवंत प्रेरणा है। यह दरबार हमें स्मरण कराता है कि रामराज्य का अर्थ था सत्य और न्याय का राज्य, प्रजा का कल्याण और राजा की निरंतर सेवा भावना है। आज जब राम भक्त इस राजदरबार में प्रवेश करते हैं, तो मानो वे त्रेतायुग के उस स्वर्ण युग में पहुंच जाते हैं, जहां हर दिशा में राम नाम की गूंज होती थी। तो आइए, अयोध्या धाम और राजा राम का राजदरबार देखिए। ये केवल दर्शन नहीं, ये एक युग की अनुभूति है। रामराज्य की ओर पहला कदम यहीं से शुरू होता है।

**संपन्न हुए धार्मिक अनुष्ठान :**

राम लला के प्रथम तल पर आज राम दरबार के साथ अन्य 7 देवी देवताओं की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस मौके पर राम मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है और पूरा वातावरण वैदिक मंत्रों व ऊर्जा से गुंजायमान है। सुबह 6 बजकर 30 मिनट से ही यज्ञ मंडप में सभी आचार्यों ने प्रवेश किया और इसके बाद से ही धार्मिक अनुष्ठान शुरू किए गए। श्रीराम दरबार के साथ शिवलिंग, गणपति, हनुमानजी, सूर्य देव, देवी भगवती और मां अन्नपूर्णा का मंदिर भी बनाया गया है और सभी मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा भी की गई।







## कभी रामभक्तों पर गोलियां चलती थीं, आज पुष्पवर्षा होती है: सीएम योगी

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि कभी अयोध्या आने वाले रामभक्तों पर गोलियां चला करती थीं, श्रद्धालुओं पर लाठी डंडे बरसाकर प्रताड़ित किया जाता था, मगर आज श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा होती है और उन्हें आरओ का शुद्ध पानी पीने को मिलता है। अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे में योगी ने राम कथा पार्क में आयोजित अयोध्या नगर निगम के वर्तमान बोर्ड के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि अयोध्या आज पूरी दुनिया के सामने 'अतिथि देवो भव :' की नई परिभाषा गढ़ रही है। आज अयोध्या की पहचान विश्व पटल पर बदल रही है। 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा ने 500 साल के लंबे इंतजार को समाप्त किया। यह भारत के पुनर्वैभव की स्थापना का प्रतीक है। उन्होंने गुरुवार को श्रीरामलला मंदिर में हुए श्रीरामदरबार सहित सात अन्य मंदिरों में देव विग्रहों की स्थापना के लिए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और सभी सनातन धर्मावलंबियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने गंगा दशहरा, सरयू महोत्सव और विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# चिन्नास्वामी स्टेडियम भगदड़ मामला : मृतकों के परिवार को 10-10 लाख रुपये देगी आरसीबी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) फ्रेंचाइजी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में मारे गए 11 प्रशंसकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है। फ्रेंचाइजी ने अपने बयान में कहा है कि मृतकों के परिजनों को मुआवजे के अलावा इस दुखद घटना में घायल हुए प्रशंसकों की सहायता के लिए 'आरसीबी केयर्स' नामक एक कोष भी बनाया जा रहा है। बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

दरअसल, आरसीबी ने 18वें सत्र में जाकर पहली बार आईपीएल का खिताब जीता। टीम बुधवार को अहमदाबाद से बंगलूरू पहुंची तो फैंस टीम की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे। खिलाड़ियों को विधान सौधा और चिन्नास्वामी स्टेडियम में सम्मानित किया जाना था। विधान सौधा में सम्मान कार्यक्रम के बाद खिलाड़ियों को विक्ट्री परेड करते हुए स्टेडियम पहुंचना था। हालांकि, फैंस की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। विधान सौधा से लेकर चिन्नास्वामी स्टेडियम तक, लाखों की संख्या में फैंस मौजूद रहे। वह किसी भी तरह से स्टेडियम के अंदर जाने के लिए बेताब दिखे। वे पेड़, कार, बस, जो भी ऊंची चीज दिखी, उस पर चढ़ गए। इतना ही नहीं फैंस स्टेडियम की दीवार और फेंसिंग पर चढ़ते भी दिखे।

## घायल प्रशंसकों के लिए फंड बनाएगी टीम





**आरसीबी ने जारी किया बयान :** आरसीबी ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि इस घटना से आरसीबी परिवार को बहुत पीड़ा और दर्द हुआ है और सम्मान के रूप में वे 11 परिवारों को वित्तीय सहायता देंगे। आरसीबी ने त्रासदी में घायल हुए प्रशंसकों का समर्थन करने के लिए 'आरसीबी केयर्स' नाम से एक फंड भी स्थापित किया है। उन्होंने कहा, 'बंगलूरू में बुधवार को हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना से आरसीबी परिवार को काफी पीड़ा हुई है। सम्मान और एकजुटता के संकेत के रूप में, आरसीबी ने मृतकों के 11 परिवारों में से प्रत्येक को 10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है। इसके अलावा इस दुखद घटना में घायल हुए फैंस की मदद के लिए आरसीबी केयर्स नाम का फंड भी बनाया जा रहा है। हम जो कुछ भी करते हैं, हमारे दिल में हमारे प्रशंसक हमेशा रहेंगे। हम दुख में एकजुट रहते हैं।'

### बंगलूरू ट्रैफिक पुलिस ने किया था आगाह

ऐसा नहीं है कि किसी को चेतावनी नहीं दी गई थी। बंगलूरू ट्रैफिक पुलिस ने एक्स पर जारी बयान में कहा था कि विधान सौधा से स्टेडियम तक आरसीबी टीम की बस परेड यातायात संबंधी परेशानियों के कारण नहीं हो सकती है, लेकिन बाद में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इसकी अनुमति दे दी थी। खिलाड़ियों के विधान सौधा पहुंचने के बाद दर्शकों के अनियंत्रित होने के कारण हालांकि यह परेड नहीं कराई गई। इसके साथ ही आरसीबी की जीत के बाद मंगलवार रात भीड़ को नियंत्रित करने में भी पुलिस को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था।

### कांग्रेस-भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप

स्टेडियम के बाहर पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज किया। फिर स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत की खबर आई और कई घायल हो गए। उसके बाद से कर्नाटक की कांग्रेस सरकार और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा ने सिद्धारमैया सरकार पर बदइंतजामी का आरोप लगाया तो कांग्रेस ने भाजपा पर मामले में राजनीति करने का आरोप लगाया है।

## बेंगलुरु भगदड़ मामले पर हाई कोर्ट में हुई सुनवाई

# स्टेडियम में फ्री एंट्री, मौके पर एंबुलेंस की भारी कमी... अगली सुनवाई 10 जून को

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु भगदड़ मामले की गुरुवार को कर्नाटक हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान एक्टिंग चीफ जस्टिस वी कामेश्वर राव और जस्टिस सी एम जोशी बेंच ने राज्य सरकार को हादसे पर रिपोर्ट पेश करने का नोटिस दिया है।

अब अगली सुनवाई 10 जून को होगी। राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया, 'भगदड़ के बाद घायलों को तुरंत इलाज मुहैया करवाया गया। विक्ट्री परेड के दौरान 1380 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।' हालांकि, डिप्टी सीएम एक दिन पहले 1000 सुरक्षाकर्मी तैनात होने की जानकारी दी थी।

वहीं, याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट से कहा, 'राज्य सरकार को यह बताना चाहिए कि आरसीबी के खिलाड़ियों को सम्मानित करने का फैसला किसने लिया है। जो खिलाड़ी देश के लिए नहीं खेलते, उन्हें सम्मानित करने की क्या मजबूरी थी।'

दरअसल, 4 मई को रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु (फ्छइ) ने पहली बार क्द्धछ खिताब जीतने पर बेंगलुरु में विक्ट्री परेड का आयोजन किया था। पहले राज्य सरकार ने विधानसभा परिसर में सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया। इसके बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में कार्यक्रम में हुआ। इससे पहले ही स्टेडियम के बाहर जुटी भीड़ में भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई। 33 घायल हैं। सभी मरने वाले 35 साल से कम उम्र के थे, 3 टीनएजर हैं।



### इतना बड़ा हादसा क्यों और कैसे हुआ?

स्टेडियम में फ्री पास से एंट्री। पास आरसीबी की वेबसाइट से लेने थे। बुधवार को यह घोषणा होने के बाद बड़ी संख्या में लोग वेबसाइट विजिट करने लगे तो साइट क्रैश हो गई। पास पाने वालों के साथ ही बिना पास के लोग भी स्टेडियम पहुंचे। इससे भीड़ का अंदाजा नहीं हो सका।

प्रारंभिक जांच के मुताबिक भीड़ ने स्टेडियम में घुसने के लिए गेट नंबर 12, 13 और 10 तोड़ने की कोशिश की। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। नाले पर रखा स्लैब ढह गया। हल्की बारिश के बीच भगदड़ मच गई।

दोपहर लगभग 3:30 बजे भीड़ और बढ़ी तो सभी गेट बंद कर दिए गए। इससे पास वाले भी अंदर नहीं घुस पाए। हंगामा शुरू हो गया। गेट नंबर 10 पर स्थिति ज्यादा बिगड़ी। पुलिस ने महिलाओं-बच्चों को पीछे धकेला, कुछ महिलाएं बेहोश होकर गिर गईं।

सरकार ने कहा- 5 हजार सुरक्षाकर्मी थे, लेकिन भीड़ बहुत थी। इसलिए विक्ट्री परेड नहीं हो सकी। सूत्रों के मुताबिक इनमें से ज्यादातर पुलिसकर्मी 36 घंटे से ड्यूटी पर थे।

## बकरीद पर एमपी वक्फ बोर्ड की एडवाइजरी

# सोशल मीडिया पर कुर्बानी का वीडियो न डालने की अपील



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में बकरीद पर खुले में कुर्बानी को लेकर छिड़े विवाद के बीच मप्र वक्फ बोर्ड ने कुबार्नी के लिए एडवाइजरी जारी की है। बोर्ड ने सात बिंदुओं पर आधारित इस एडवाइजरी में साफ-सफाई, सरकारी नियमों का पालन और सोशल मीडिया पर कुबार्नी के वीडियो न डालने की अपील की है।

मप्र वक्फ बोर्ड के अनुसार, प्रदेश में मस्जिदें, कब्रिस्तान, दरगाह, ईदगाह, करबला, मदरसे और स्कूलों के रूप में लगभग 15 हजार वक्फ संपत्तियां रजिस्टर्ड हैं। ईद-उल-अज्हा, इस्लाम के सबसे खास त्योहारों में से एक है। इस अवसर पर बोर्ड ने अपने अधीनस्थ सभी वक्फ मुतवल्लियों और प्रबंध समितियों को निर्देश जारी किए हैं:

सभी कलेक्टरों और जिला दंडाधिकारियों की तरफ से ईद-उल-अज्हा के लिए जारी एडवाइजरी का सख्ती से पालन करें और आमजन को इसके बारे में जागरूक करें, ताकि राज्य शासन के दिशा-निर्देशों का अनुपालन हो।

कुबार्नी की जगह को चारों ओर से दीवार या टीन शेड से ढकें और वहां आवश्यक दवाइयों का छिड़काव करवाएं।

साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, इसे धार्मिक और नैतिक जिम्मेदारी समझें।

केवल चिह्नित स्थानों पर ही कुबार्नी करें और उसे ढककर अपने स्थान तक ले जाएं।

कुबार्नी के जानवर के अनुपयोगी अवशेषों को नगर निगम/नगर पालिका के कंटेनर या चिह्नित स्थानों पर ही डालें।

प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी किसी भी स्थिति में न करें और सरकारी आदेशों का पूर्ण पालन करें।

कुबार्नी का कोई वीडियो या ऑडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल न करें।

इसके अलावा, बोर्ड ने निर्देश दिया कि ईद की नमाज केवल ईदगाह या मस्जिद परिसर में ही अदा करें। गैरजरूरी रूप से सड़कों पर नमाज पढ़ने से बचें और जरूरत पड़ने पर स्थानीय प्रशासन को विश्वास में लेकर नमाज अदा करें।

# बीजापुर मुठभेड़ में मारा गया खूंखार इनामी नक्सली कमांडर सुधाकर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में बस्तर संभाग के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में फोर्स और नक्सलियों के बीच गुरुवार को हुई मुठभेड़ में करीब एक करोड़ रुपये के इनामी खूंखार नक्सली नरसिम्हाचलम उर्फ गौतम उर्फ सुधारक को जवानों ने ढेर कर दिया है। बताया जा रहा है कि सुधाकर नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी (सीसी) का मेंबर था। उस पर अलग-अलग राज्यों में कुल मिलाकर करीब एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। कई राज्यों की पुलिस उसकी तलाश कर रही थी और आज वो फोर्स के हत्थे चढ़ गया और नक्सली मुठभेड़ में मारा गया।

घटनास्थल से एक अत्याधुनिक ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद किया गया है, जो सुधाकर के खतरनाक और उच्च रैंकिंग नक्सली होने की बात की पुष्टि करता है। नक्सली सुधाकर मूलतः आंध्रप्रदेश के चिंतापलुदी (चिंतापल्ली) का रहने वाला था। वह माओवादी संगठन की विचारधारा, नीति-रीति और प्रचार से प्रभावित होकर नक्सल अभियानों का संचालन कर रहा था। वह नक्सल संगठन में शिक्षा विभाग के कामों को देखता था।



वह पिछले कई सालों से छत्तीसगढ़, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में नक्सली संगठन को संभाल रहा था। इसे नक्सल मुठभेड़ को सुरक्ष बलों की बड़ी कामयाबी के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले भी सवा तीन करोड़ रुपये के दुर्दांत नक्सली बसवराजू को फोर्स ने मार गिराया था।

बताया जाता है कि माओवादियों के बड़े कैडर तेलंगाना राज्य समिति सदस्य बांदी प्रकाश, दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्य पप्पा राव और कुछ अन्य सशस्त्र माओवादी कैडर्स के मौजूदगी की सूचना पर संयुक्त फोर्स नक्सल आपरेशन पर निकली थी। इसमें डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा की संयुक्त बल को अभियान पर भेजा गया था।

गुरुवार सुबह में बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके के घने जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में जवानों ने टॉप नक्सली कमांडर नरसिम्हाचलम उर्फ गौतम उर्फ सुधाकर को ढेर कर दिया। सुधाकर पर कई राज्यों में कुल मिलाकर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है। मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की संख्या बढ़ भी सकती है।

# आज राहुल गांधी का बिहार दौरा

## दशरथ मांझी के स्मारक पर नेता प्रतिपक्ष माल्यार्पण करेंगे

**पटना।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को एक दिन के दौरे पर बिहार आएंगे। चुनावी वर्ष में राहुल गांधी की यह पांचवीं बिहार यात्रा है। राहुल गांधी अपनी इस यात्रा में राजगीर और गया जाएंगे। राजगीर में वह अति पिछड़ा सम्मेलन में भाग लेंगे, जबकि गया में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं से संवाद करेंगे।

**सुबह पटना एयरपोर्ट पर करेंगे लैंड्र :** कांग्रेस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राहुल गांधी शुक्रवार की सुबह करीब 10:15 बजे पटना एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे पत्ता एयरपोर्ट से सीधे माउंटेन मैन दशरथ मांझी के गांव गहलौर जाएंगे।

**भगीदारी मांझी और उनके परिवार के सदस्यों से मिलेंगे :** गहलौर में वे दशरथ मांझी के पुत्र भगीदारी मांझी और उनके परिवार के सदस्यों से मिलेंगे। भगीरथ मांझी ने इस वर्ष जनवरी में दिल्ली की यात्रा की थी और उन्होंने दिल्ली में राहुल गांधी की मौजदगी में कांग्रेस की सदस्यता ली थी। इसके बाद अटकलें लगाई जा रही थीं कि वे कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं।



**राजगीर में पार्टी की ओर से अति पिछड़ा सम्मेलन :** गहलौर के बाद राहुल गांधी राजगीर जाएंगे। राजगीर के कन्वेंशन सेंटर में पार्टी की ओर से अति पिछड़ा सम्मेलन आयोजित किया गया है। पूर्व में इस आयोजन के लिए नालंदा का चयन किया गया था। आयोजन 25 मई को होना था परंतु, अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम टल गया।

**गया में महिलाओं के साथ संवाद :** अब यही आयोजन राजगीर के कन्वेंशन सेंटर में हो रहा है। राजगीर के बाद राहुल गांधी एक बार फिर गया वापस लौटेंगे और गया में महिलाओं के साथ संवाद करेंगे। इसके बाद वे दिल्ली वापस लौट जाएंगे। यहां बताएं कि राहुल गांधी की इस वर्ष यह पांचवीं बिहार यात्रा है। इसके पहले राहुल गांधी जनवरी, फरवरी, अप्रैल और चौथी बार मई महीने दरभंगा और पटना आए थे। यह पांचवां मौका है जब वे बिहार में होंगे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर एसीपी वेव सिटी ने किया पौधरोपण







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार को जहां विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी ने हरियाली बढ़ाने और पेड़ों की सुरक्षा और रक्षा करने की शपथ ली। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में खाकी भी पीछे नहीं रही। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ग्रामीण जोन अंतर्गत एसीपी वेव सिटी कार्यालय और वेव सिटी थाने पर एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल द्वारा पौधरोपण किया गया। इस दौरान क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाध्यक्ष प्रीति गर्ग और वेव सिटी थानाध्यक्ष सर्वेश द्वारा हरे पौधे लगाए गए हैं। पौधरोपण के अवसर पर एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने कहा है कि जिस तरीके से ग्लोबल वार्मिंग का असर पूरे पर्यावरण को प्रभावित कर रहा है, ऐसे में पेड़ लगाना और उनकी देखभाल कर उन्हें नया जीवन प्रदान करना एक सराहनीय कार्य है। गुरुवार को खाकी ने भी यह काम किया है। इस दौरान पुलिसकर्मियों के द्वारा नीम, जामुन और पीपल के बड़े होकर छायादार पौधे लगाकर उन्हें बड़ा होने में सहायक भूमिका निभाने की शपथ भी ली गई।

दैनिक
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 06 जून-2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## तीन विधानसभा सीट पर सपा प्रभारियों ने ली समीक्षा बैठक

### प्रभारी बोले, गाजियाबाद में तीन नहीं पांचों विधानसभा जीतेगी समाजवादी पार्टी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन जबरदस्त रहा है। उसको लेकर समाजवादी पार्टी पूरी तरह उत्साहित है। तो पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता 2027 के लिए तैयारी कर रहे हैं। इसी को लेकर गुरुवार को गोविंदपुरम स्थित इंपीरियल फार्म हाउस में समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की ओर से समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

समीक्षा बैठक में लोनी विधानसभा के प्रभारी और प्रदेश सचिव विनय पाल प्रमुख, मुरादनगर विधानसभा सीट के प्रभारी विरासत हुसैन गामा और साहिबाबाद विधानसभा के प्रभारी अनिसुर रहमान पूर्व विधायक और मोदीनगर विधानसभा सीट के प्रभारी विनोद तेजयान पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी फैसल हुसैन ने पत्रकारों से बातचीत की।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए तीनों प्रभारियों ने कहा है कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जिस तरीके से उत्साहित हैं, साथ ही पीडीए को लेकर रणनीति बनाई जा रही है, उसका असर देखने को मिलेगा। इस दौरान समीक्षा बैठक में भाग देने आए तीनों प्रभारी ने कहा है कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी गाजियाबाद की पांचो विधानसभा सीट पर जीत हासिल करेगी, इसको लेकर सभी तैयारी कर रहे हैं और अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सरकार बनाने का अभियान जोर शोर से चल रहा है।




### समीक्षा बैठक में प्रभारी बोले, गाजियाबाद में नहीं हुआ है सपा सरकार से ज्यादा विकास

**करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी की ओर से आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान तीनों विधानसभा सीट के प्रभारियों ने कहा है कि गाजियाबाद में मुरादनगर से लेकर लोनी तक गंदगी का आलम है। विकास कार्य जितना समाजवादी पार्टी के समय में हुआ था, भाजपा की सरकार के रहते उतना विकास नहीं हुआ है। उन्होंने कहा आज सड़क पर जलभराव और गंदे पानी की आपूर्ति बता रही है कि जनता किस तरीके से परेशान है और आने वाले विधानसभा चुनाव में गाजियाबाद की जनता समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को चुनने का काम करेगी और उन्हें जीतकर विधानसभा भेजा जाएगा।

### गोपनीय रिपोर्ट जाएगी लखनऊ

#### बड़ी संख्या में शामिल हुए समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी



**करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी द्वारा तीन विधानसभाओं की समीक्षा बैठक की गई थी, तो इसमें प्रभारी उपस्थित रहे और जिला कार्यकारिणी के सदस्य भी प्रमुख रूप से शामिल हुए। जिसका मकसद आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी की तैयारी और रणनीति बनाना था। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सपा नेता अभिषेक गर्ग, पूर्व शहर विधानसभा सीट प्रत्याशी विशाल वर्मा, मुरादनगर से हाजी प्रवेश सहित जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन सहित बड़ी संख्या में पार्टी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### लखनऊ भेजी जाएगी समीक्षा बैठक की गोपनीय रिपोर्ट

**करंट क्राइम :** सपा जिलाध्यक्ष की देखरेख में समाजवादी पार्टी विधानसभा चुनाव से पहले समीक्षा बैठक आयोजित कर रही है। जिसमें जिला कार्यकारिणी और जिला प्रकोष्ठ कार्यकारिणी के सदस्य और पदाधिकारी आमंत्रित किए गए। तो वहीं प्रभारी के रूप में विनय पाल प्रमुख प्रदेश सचिव, विरासत हुसैन गामा, अनिसुर रहमतपुर विधायक और पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री विनोद तेजयान द्वारा दो दिनों तक यहां मौजूद रहे। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान तमाम तरीके की जानकारी ,पदाधिकारियों का वर्किंग परफॉर्मेंस और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए चेहरों पर चर्चा करने के साथ ही महत्वपूर्ण लिस्ट तैयार की है, जो गोपनीय रूप से लखनऊ मुख्यालय कार्यालय को भेजी जाएगी।

## क्या राज है भारद्वाज परिवार की गांधी परिवार के साथ घनिष्ठता के ?



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** करंट क्राइम। गाजियाबाद के ज्यादातर कांग्रेसी नेता गाहे बगाहे खुद को गांधी परिवार के करीबी होने का दावा करते रहते हैं, लेकिन चाहे मंच साझा करने की बात हो या फिर टिकट हासिल करने की बात हो, गाजियाबाद का एक ही परिवार है, जिसकी गांधी परिवार के घर में सीधी पहुंच है। यह परिवार है कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज का। नरेंद्र भारद्वाज और उनकी बेटी कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉली शर्मा ने गुरुवार को कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात का उददेश्य नरेंद्र भारद्वाज के परिवार में होने वाले रिशेप्सन में प्रियंका गांधी को आमंत्रित करना था।

नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि प्रियंका गांधी ने रिशेप्सन के निमंत्रण को स्वीकार कर आने का भरोसा दिया है। तीन दिन पहले नरेंद्र भारद्वाज और डॉली शर्मा ने राहुल गांधी से मुलाकात कर उन्हें भी रिशेप्सन में आने का निमंत्रण दिया था। नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि गुरुवार को हुई मुलाकात के दौरान राजनीति या संगठन को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई। प्रियंका गांधी ने परिवार के सदस्यों का हालचाल लिया।

नरेंद्र भारद्वाज के परिवार का गांधी परिवार के साथ काफी घनिष्ठ संबंध है। पिछले कई चुनावों में गाजियाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में डॉली शर्मा का ही चयन होता आ रहा है। लोकसभा का चुनाव हो या फिर मेयर का चुनाव, कांग्रेस की ओर से डॉली शर्मा ही प्रत्याशी रही। टिकट के लिए गाजियाबाद के कांग्रेसी नेता सारे प्रयास करते रहे लेकिन हर बार डॉली शर्मा ही टिकट ले आती है। इतना ही नहीं, डॉली शर्मा के लिए खुद प्रियंका गांधी गाजियाबाद में प्रचार करने आई थी। घंटाघर से रमते राम रोड होते हुए पुराने बस अडडे तक रोड शो किया था। इससे पता चलता है कि भारद्वाज परिवार का गांधी परिवार से कितना घनिष्ठ संबंध है।

घनिष्ठता का एक प्रमाण यह भी है कि कांग्रेस ने डॉली शर्मा को राष्ट्रीय प्रवक्ता की जिम्मेदारी दे रखी है। जब सभी नेता खुद को गांधी परिवार के करीब आने के लिए हर तरह का प्रयास कर रहे हैं, भारद्वाज परिवार की गांधी परिवार के साथ घनिष्ठता दूसरों के लिए पहेली बन सकती है। कांग्रेस के पूर्व सांसद पूर्व सांसद सुरेंद्र प्रकाश गोयल गाजियाबाद के एक ऐसे नेता थे, जिन्हें राजीव गांधी, सोनिया गांधी के बाद राहुल और प्रियंका के काफी करीब थे। मंच से उन्हें नाम से पुकारते थे। लोकसभा चुनाव के दौरान घंटाघर रामलीला मैदान में सोनिया गांधी और राहुल गांधी जनसभा कर रहे थे और सुरेंद्र गोयल नीचे कुर्सी पर बैठे थे। उन्हें देखते ही राहुल गांधी ने मंच पर बुला लिया था। सुरेंद्र प्रकाश गोयल के बाद अब नरेंद्र भारद्वाज का ऐसा परिवार है, जो गांधी परिवार के बेहद करीबी है।

## सावधान : अब चोरी और लूट का मोबाइल खरीदना पड़ सकता है भारी

### सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर्ड पोर्टल की मदद से पुलिस ने बरामद किए 209 मोबाइल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अगर आप किसी से चोरी और लूट का मोबाइल कम दामों में खरीदने के लालच में आ रहे हैं, तो आपके लिए यह नुकसानदायक हो सकता है। आपको पुलिस गिरफ्तार भी कर सकती है और जेल भी जाना पड़ सकता है। इन दिनों यूपी पुलिस सीईआईआर यानी सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर्ड पोर्टल पर खोए हुए चोरी हुए और लूटे गए मोबाइल फोन खोजने में पुलिस की जमकर मदद कर रही है।

यही वजह है कि बीते लगभग छह महीनों के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद अबतक सैकड़ों की संख्या में करोड़ों की कीमत के फोन बरामद कर दे चुकी है। गुरुवार को ट्रांस हिंडन पुलिस जोन के अंतर्गत डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी की उनके जोन के अंतर्गत आने वाले इंदिरापुरम, कौशांबी, खोड़ा, साहिबाबाद, लिंक रोड, शालीमार गार्डन और टीलामोड़ थानाक्षेत्र से पुलिस ने कुल 209 मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता पाई है। बरामद किए गए मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### ट्रांस हिंडन पुलिस ने लगभग 50 लाख के फोन जनता को लौटाए

#### मोबाइल बरामदगी में भी टॉप पर रहा इंदिरापुरम सर्किल



**करंट क्राइम :** डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने जानकारी दी की पुलिस द्वारा चोरी, स्नैचिंग, लूट और खोए हुए मोबाइल अलग-अलग राज्यों से बरामद किए गए हैं। इसमें हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड ,दिल्ली-एनसीआर शामिल है। सभी फोनों को पहले पुलिस ने एकत्रित करने का काम किया और फिर उनके स्वामियों को यह गुरुवार को प्रदान किए गए हैं। जिसमें इंदिरापुरम सर्किल के अंतर्गत आने वाले थाना इंदिरापुरम ने 53, कौशांबी थाना द्वारा 22, और खोड़ा थाने ने 39 मोबाइल बरामद किए हैं। तो वहीं साहिबाबाद थाने ने 29, लिंक रोड ने 25, शालीमार गार्डन ने 13 और टीलामोड़ पुलिस द्वारा 28 मोबाइल फोन बरामद करने के बाद उनके मालिकों को सौंपने का काम किया गया।

#### 201 मोबाइल गुम हुए थे और आठ स्नैचिंग और चोरी किए गए थे



**करंट क्राइम :** इस दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ट्रांस हिंडन जोन के डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल द्वारा जानकारी दी गई है कि जो 209 मोबाइल बरामद करने का काम किया गया है। इसमें 201 ऐसे मोबाइल फोन थे, जिनकी अलग-अलग थानों और पोर्टल के जरिए गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी जबकि 6 चोरी किए गए थे और दो फोन बदमाशों द्वारा लूट गए थे। बता दें कि बीते कुछ दिनों में ही ट्रांस हिंडन पुलिस द्वारा सर्विलांस सेल और स्वॉट टीम की मेहनत के बाद बरामद करने का काम किया गया है।

### लोगों ने पुलिस को किया धन्यवाद, कहा नहीं थी उम्मीद मिलेगा खाया फोन






**करंट क्राइम :** गुरुवार को ट्रांस हिंडन पुलिस के साथ अलग-अलग क्षेत्र को मिलाकर कुल 209 फोन वापस कराए गए हैं। जिन लोगों के फोन खोए थे या चोरी हुए थे उनका कहना था कि उनको उम्मीद नहीं थी कि पुलिस को शिकायत करने के बावजूद भी उनके गुम हुए फोन बरामद होंगे, लेकिन जब पुलिस के द्वारा उनका खोया हुआ फोन मिलने की जानकारी दी गई, तो वह खुश हो गए। वहीं जब थाने में उनको खोया हुआ फोन लौटाया गया, तो उनको यकीन हो गया कि अब खोया हुआ फोन भी पुलिस लौट कर दे सकती है। इस दौरान कई लोगों ने पुलिस और अधिकारियों को धन्यवाद भी दिया।

## चर्चा : कैबिनेट मंत्री ने संभाला माइक तो उनके माइंड में थे डोनाल्ड ट्रंप

### मगर, जब उनकी गर्दन घूमी तो सीन में आ गए पहलवान और मिस्टर गर्ग



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भगवा गढ़ की भगवा सियासत की ये खूबी है कि यहां किस्से का रस पूरा लिया जाता है और किस्सा लाइबेरिया-कांगो का हो या अमेरिका का हो, उस किस्से से खुद को जोड़ लिया जाता है। बुधवार को आईटीएस वाले सभागार में सांसद अतुल गर्ग ने सांसद मिश्रा जी की वैज प्रतिबद्धता बताई और साथ में ये भी बता दिया कि हमने उन्हें ये नहीं बताया था कि अंदर वैज और नॉनवैज वाली करछी एक ही है। अगले दिन यानी गुरुवार को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के हाथ में माइक था और वो मंच पर थे और उनके शब्दों का भी एक पंच था। सुनील शर्मा भी बात को अलग लहजे में कहने के लिये जाने जाते हैं और बताते हैं कि कुछ ऐसा हो गया कि दिमाग में ट्रंप थे और गर्दन घूमने से पूरी कहानी में जम्प हो गया।

बताते हैं कि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा देश पर बोल रहे थे और यहां उनके हाथ में जब माइक आया तो वो एक उदाहरण दे रहे थे। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम लिए बगैर कटाक्ष करते हुए कहा कि चाहे वो भारत के मित्र देश हों, चाहे वो तटस्थ देश हों, वो सब भारत की तरक्की से ईर्ष्या करते हैं। सुनने वाले बता रहे थे कि इसके बाद कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने बोलते हुए कहा कि वैसे भी मित्र अगर ज्यादा तरक्की कर जाए तो दूसरे मित्र को ईर्ष्या होती है। अब ये मंच पर संबोधन की एक प्रक्रिया है कि वक्ता हमेशा बोलते समय मंच के सामने बैठे लोगों से, मंच पर बैठे लोगों की तरफ मुखातिब होते हैं। इसी कड़ी में जब मित्र की तरक्की से मित्र की ईर्ष्या होने वाली बात कही तो देखने वालों ने देखा कि सुनील शर्मा का चेहरा पप्पू पहलवान की तरफ घूम गया।

सूत्र बताते हैं कि उन्हें लगा कि ये मूवमेंट तो बाइचांस हो गया। मित्र की तरक्की और मित्र की ईर्ष्या वाली बात कहीं ना कहीं कनेक्ट हो गई। इससे पहले कोई कुछ रिएक्ट करता सुनील शर्मा ने अपनी गर्दन बात कहते हुए दूसरी तरफ घुमाई तो कहानी में रोचक ही मोड़ हो गया। क्योंकि मित्र देश की तरक्की की बात थी, ईर्ष्या की बात थी और मित्र देशों में भारत के प्रतिनिधिमंडल में भारत की बात विश्व मंच पर रखकर आए सांसद अतुल गर्ग सामने बैठे थे और कैबिनेट मंत्री की गर्दन उनकी तरफ घूम चुकी थी। अब कैबिनेट वाले कुछ भी कहे लेकिन सुईं तो सबकी उसी बात की तरफ घूम चुकी थी।

बताते हैं कि भगवा वालों ने बात को कनेक्ट किया और मंत्री जी की गर्दन घूमने वाले किस्से पर फुल ठहाके वाली हंसी के साथ रिएक्ट किया। अब बात जुबान से निकल चुकी थी, गर्दन घूमने वाली घूम चुकी थी और ये गर्दन के दाएं-बाएं घूमने ने ट्रंप को हाशिए पर रख दिया और जम्प ऐसी ली कि पूरा होल ठहाके साथ हंस दिया। हालांकि बताया ये जाता है कि बाद में जब जनप्रतिनिधि वाली मंडली में कैबिनेट वाले बैठे तो उन्होंने ये स्पष्ट भी कर दिया कि मेरे दिमाग में तो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फेस चल रहा था। मंडली भी कुछ कम नहीं है और वो फिर से मुस्कराए और मित्र से मित्र की तरक्की वाला किस्सा पूरे कार्यक्रम में सबसे महत्वपूर्ण चर्चा का हिस्सा बन गया।



### जब कैबिनेट मंत्री ने कहा- 18 साल से बता रहे हैं अपनी उम्र 62

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा गुरुवार को अलग ही अंदाज में थे। उन्होंने पार्टी के अति वरिष्ठ बुजुर्ग कार्यकर्ता का नाम लिया और कहा कि भारत ऐसे ही विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था नहीं बन गया है। उन्होंने पूर्व जिला अध्यक्ष मास्टर अमरदत्त शर्मा का नाम लेते हुए कहा कि उनकी आयु 80 प्लस है, लेकिन ये आज भी एक्टिव हैं। हमने इन्हें आराम करने को कहा, लेकिन ये नहीं मानते हैं। इस पर अमरदत्त शर्मा बोले कि अभी मैं 80 पार का नहीं हुआ हूं। तब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने पिछले संबंधों का मुलाहिजा पेश किया और कहा कि ये पिछले 18 साल से रेलवे रिजर्वेशन वाले फार्म में अपनी उम्र 62 वर्ष लिखते आ रहे हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने यहां चौथी अर्थव्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर काम कर रहा है। यही वजह है कि देश चौथी अर्थव्यवस्था बना है।

### जब सांसद ने की तारीफ तो सुनील शर्मा बोले-ये मातृत्व का भाव

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा जब मंच पर थे तो उनकी गर्दन घूम गई और गर्दन घूमने से कहानी का पूरा किस्सा ही घूम गया। इसके बाद जब सांसद अतुल गर्ग और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने उनकी तारीफ की तो इस तारीफ को कैबिनेट मंत्री ने मातृत्व भाव से जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि यदि बच्चा कुरुप भी हो तो मां-बाप को अच्छा लगता है। मुझमें खामियां हो सकती है, लेकिन अगर ये मेरी प्रशंसा कर रहे हैं तो यह इनका मातृत्व भाव है।

## पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने बिजली वाले किस्से के जरिये बताया अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने का रास्ता

### अगर नेतृत्व सजगता से स्थिति पर रखे निगाह तो विरोधाभास से बचा जा सकता है



**इस सारे कथन का एक ही सार है। अगर अन्याय को रोकना है तो संघर्ष के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं है।**
**कांग्रेस के लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण उनमें इस प्रवृति का विकास ही नहीं हुआ और अब भाजपा के सत्ता में सत्ता में रहने के कारण वे इस प्रवृति से बचते हैं। एक समय में समाजवादी आंदोलन से जुड़े लोग तो संघर्षों को आमंत्रित करते थे। अधिकारी भी उन्हें बवाली जानकर किसी ऐसी अप्रिय परिस्थिति से बचते थे जिससे संघर्ष उत्पन्न हो।**
**भाजपा शासन में राजनैतिक नेतृत्व शासन व्यवस्था में अधिकतर हस्तक्षेप नहीं करता है। नौकरशाही को ज्यादा स्वायत्तता देकर बेहतर काम की अपेक्षा करते हैं।**

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। 1982 के आस पास की बात होगी। बिजली विभाग का मीटर रीडर मेरे घर राइडिंग लेने नहीं आता था। प्रतिमाह न्यूनतम का बिल आता रहता था और मैं उसका भुगतान करता रहता था। बहुत समय बाद पूरी रीडिंग के साथ बिल आ गया। मैने कहा कि जो मैने जो न्यूनतम के बिल के विरुद्ध अभी तक जो धन जमा कर दिया है, उसे इसमें से घटा दो तो मैं शेष देय राशि जमा करा दूं। विभागीय कर्मियों का कहना था कि पहले पूरी राशि जमा कराओ तब समायोजन किया जाएगा। ये बात मुझे अनुचित लगी। मैं जो पहले ही प्रतिमाह जमा करा चुका हूं, उसे इस देय राशि में से घटाओ तो मैं शेष राशि जमा कराऊंगा। इसी जद्दोजहद में उन्होंने मेरा बिजली का कनेक्शन काट दिया। मैं उन दिनों वकालत करता था। मैने उन्हें नोटिस दे दिया। आखिर में बिजली विभाग ने जब मेरे द्वारा भुगतान की गई राशि का समायोजन करके बिल बनाया तो मेरे ही 16रुपए बिजली विभाग पर निकले। बिजली विभाग ने खेद प्रकट किया और मेरा कनेक्शन जोड़ा। ये बात सही है कि मुझे इस विवाद में एक माह बिना बिजली के रहना पड़ा। इस सारे कथन का एक ही सार है। अगर अन्याय को रोकना है तो संघर्ष के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं है।

कठिनाई ये है कि आदमी अन्याय की चर्चा तो करता है, लेकिन जब वह स्वयं अन्याय से पीड़ित होता है तब संघर्ष के बजाय कोई शार्ट कट ढूंढता है। इसी से भ्रष्टाचार को बल मिलता है। आदमी संघर्ष से जी चुराता है और ले देकर मामले का समाधान खोजता है। पहले समय में व्यक्ति में संघर्ष का माद्दा था। वह कोई समझौता करने के बजाय संघर्ष का रास्ता अपनाता था। लेकिन जैसे जैसे साधन बढ़ रहे हैं, सुविधाएं बढ़ रही हैं संघर्ष करने की क्षमता समाप्त होती जा रही है। व्यक्ति को गुस्सा तो आता है लेकिन वह गुस्सा राह चलते सह यात्री पर निकलता है। बिना इंडिकेटर के गाड़ी मोड़ने वाले से तो भिड़ जाता है लेकिन व्यवस्था में जो अन्याय है उससे लड़ने की प्रवृति घट गई है। राजनैतिक दलों में पहले ये प्रवृति बहुत थी। छोटी छोटी बातों पर लोग संघर्ष करते थे,केवल अपने लिए नहीं दूसरों के लिए भी अफसर से भिड़ जाते थे। कांग्रेस के लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण उनमें इस प्रवृति का विकास ही नहीं हुआ और अब भाजपा के सत्ता में सत्ता में रहने के कारण वे इस प्रवृति से बचते हैं। एक समय में समाजवादी आंदोलन से जुड़े लोग तो संघर्षों को आमंत्रित करते थे। अधिकारी भी उन्हें बवाली जानकर किसी ऐसी अप्रिय परिस्थिति से बचते थे जिससे संघर्ष उत्पन्न हो। भाजपा शासन में राजनैतिक नेतृत्व शासन व्यवस्था में अधिकतर हस्तक्षेप नहीं करता है। नौकरशाही को ज्यादा स्वायत्तता देकर बेहतर काम की अपेक्षा करते हैं। लेकिन कई अधिकारी इसका दुरुपयोग करके निरंकुश हो जाते हैं। उनकी कार्यप्रणाली कोई न कोई विवाद खड़ा करती रहती है। कई तो इस छूट का दुरुपयोग करके धन संचय में लग जाते हैं। ये बात सच है कि राजनैतिक दबाव अधिकारी की कार्यक्षमता और निष्पक्षता को विपरीत प्रभावित करता है लेकिन ये भी सही है कि कई अधिकारी राजनैतिक संबंधों के आधार पर मलाईदार पोस्टिंग पाते हैं। और कई राजनैतिक संरक्षण का अनुचित लाभ उठाकर धन संचय में लग जाते हैं।कई अधिकारी तो सत्ता पक्ष के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक की उपेक्षा से भी नहीं चूकते। अगर नेतृत्व सजगता से इस स्थिति पर निगाह रखकर इस विरोधाभास से बचा जा सकता है।

## संपादकीय

# ट्रंप व एलन मस्क की दोस्ती में दरार

मस्क हमेशा विवादों में रहे। उनका कई मंत्रियों से नीतिगत विवाद हआ। वहीं उनके आक्रामक कदम से ट्रंप प्रशासन में भी तनाव दिखा। सरकारी कर्मियों की छंटनी करने का खासा विरोध हुआ। अमेरिकी अरबपति एलन मस्क और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राहें अब अलग हो गई हैं। इस बार मुद्दा भारी-भरकम खर्च को लेकर है। मस्क लागत में कटौती और दक्षता में सुधार के लिए सरकारी प्रयासों की अगुआई कर रहे थे। उन्होंने सरकारी विभागों में कर्मचारियों की संख्या और खर्च में कटौती की वकालत की। दरअसल, ट्रंप ने राष्ट्रपति पद संभालने से पहले ही मस्क को यह अहम जिम्मेदारी सौंप दी थी। तब ट्रंप और मस्क की गहरी मित्रता से लगा था कि अमेरिका नए रास्ते पर चल पड़ा है। मगर मार्ग में बाधाएं तब आनी शुरू हुईं, जब मस्क के कई फैसलों का अमेरिका में विरोध होने लगा।

वहीं ट्रंप की नीतियों से उनके कारोबारी हित भी टकराने लगे। उनके बीच दोस्ती में पहली दरार तब दिखी, जब ट्रंप ने कृत्रिम मेधा से जुड़ी पांच सौ अरब डालर की योजना कुछ निवेशकों के साथ पेश की। इसके बाद मतभेद बढ़ते चले गए। फिलहाल ताजा टकराव भारी-भरकम सरकारी खर्च पर है। इससे बजट घाटा बढ़ने का खतरा बताते हुए मस्क ने तीखे सवाल उठाए हैं।

हमेशा विवादों में रहे मस्क मस्क हमेशा विवादों में रहे। उनका कई मंत्रियों से नीतिगत विवाद हआ। वहीं उनके आक्रामक कदम से ट्रंप प्रशासन में भी तनाव दिखा। सरकारी कर्मियों की छंटनी करने का खासा विरोध हुआ। इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ा। मस्क की नीतियों से चिंतित ट्रंप को कहना पड़ा कि नौकरियों के मामले सरकार की चलेगी, न कि मस्क की। दरअसल, उनके फैसलों पर विवाद बढ़ने से ट्रंप प्रशासन की साख पर असर पड़ने लगा था। मतभेद यहीं तक सीमित नहीं था। आव्रजन नीति को बदलने या इसे खत्म करने के मुद्दे पर मस्क सहमत नहीं थे। उनके दबाव में पहली बार इस मसले पर ट्रंप को झुकना पड़ा था। उन्हें कहना पड़ा कि एच वन बी वीजा उनको पसंद है। कुछ समय पहले शुल्क और व्यापार के मसले पर भी उनके बीच मतभेद गहरा गए थे। ट्रंप के ठेस पहुंचाने वाले बयानों से भी मस्क का मोहभंग हुआ। सवाल है कि क्या अब मस्क के विरोध और सरकारी जिम्मेदारी छोड़ कर अलग हो जाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप मनमाने फैसले करने और बड़बोलेपन से बचने का प्रयास करेंगे!

## डीएफएस सचिव का राज्यों को पत्र

### बैंककर्मियों की सुरक्षा करें जिससे निर्बाध सेवाएं सुनिश्चित हो



**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों से बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने कहा है कि राज्य बैंकिंग सेवाओं तक जनता की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करें। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव को भेजे पत्र नागराजू ने बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा और जनता के लिए दैनिक वित्तीय जरूरतों और आर्थिक गतिविधियों को पूरा करने के लिए निर्बाध बैंकिंग सेवाएं बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) सचिव ने कहा, हाल के दिनों में समाचार रिपोर्टों और सोशल मीडिया कवरेज ने बैंक परिसर के भीतर असामाजिक तत्वों की ओर से बैंक कर्मचारियों के साथ आक्रामक व्यवहार करने की परेशान करने वाली घटनाएं सामने आई हैं। इनमें मौखिक दुर्व्यवहार, शारीरिक हमला और यहां तक कि परिचालन में बाधा डालना भी शामिल है। उन्होने कहा है कि कृत्य गैरकानूनी हैं और इससे बैंक कर्मचारियों के मनोबल पर असर पड़ता है। नागराजू ने पत्र में लिखा है कि ऐसी घटनाएं बैंकिंग सेवाओं की सुरक्षित डिलीवरी में जनता के विश्वास को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा, ऐसी कार्रवाइयों से सख्ती से और जल्दी से निपटा जाना चाहिए। बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए और बैंकिंग तक जनता की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित की जानी चाहिए।




## अंडर ट्रेनी दरोगाओं के हट गए एक- स्टार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आजकल तमाम मामलों में मनमर्जी नहीं चल रही है। तो पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से जमकर मॉनेटरिंग की जा रही है। सुनने में आ रहा है कि जो अंडर ट्रेनी वाले दरोबा थे उनके स्टार आजकल ठीक नहीं चल रहे हैं। सुनने में आया है कि बड़ी संख्या में अंडर ट्रेनी टू- स्टार हैं, वो बीते कई दिनों से कमिश्नरेट के अलग-अलग जोन में तैनात टू-स्टारों का एक स्टार में नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि अभी उनकी ट्रेनिंग पूरी नहीं हुई है, यहीं वजह है कि उनका एक स्टार कम किया गया है। उसके बावजूद उनके द्वारा टू-स्टार लगा दिए गए थे, जब यह पूरा मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आया तो इन अंडर ट्रेनी दरोगाओं के एक-स्टार हटवा दिए गए हैं। उधर एक स्टार हटने से कई दरोगा अपने आप में अलग फील कर रहे हैं। तो कई पुराने डबल स्टार वाली फोटो और रील से खुद का दिल बहला रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में अधिकारियों के आदेश के बाद उन हेड से प्रमोशन लेने वालों के भी एक स्टार हट गए हैं, जो अपने टू-स्टार का रौब जमा रहे थे। कुल मिलाकर देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तैनात सैकड़ो की संख्या वाले इन नए नए दरोगा जी लोगों के कंधों पर चमचमाते हुए टू-स्टार कब नजर आते हैं। कब इनको दोबारा से अपने स्टार की चमक और दम दिखाने का मौका मिलता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारी यह भी बता रहे हैं कि इनकी पीएसी वाली ट्रेनिंग पूरी होने के बाद ही यह है दोनों स्टार लगा पाएंगे। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अंडर ट्रेनी वाले बड़ी संख्या में ट्रेनिंग पर गए हुए हैं, उनके ट्रेनिंग के आने के बाद देखना होगा किसको क्या काम मिलता है और किस पर अधिकारी भरोसा जताते हैं। वैसे बताया जा रहा है कि अंडर ट्रेनी वाले कई दरोगा साइबर के मामले में बेहतर पकड़ रख रहे हैं और उनका वर्किंग स्टाइल भी कॉन्फिडेंस वाला है। बीते दिनों जब पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था द्वारा निरीक्षण किया गया था, तो सिटी जोन के एक थाने में तैनात अंडर ट्रेनी टू-स्टार की वर्किंग और नॉलेज को देखकर उसकी तारीफ भी की गई थी। कुल मिलाकर अभी बड़ी संख्या में तैनात अंडर ट्रेनियों को टू-स्टार लगाने के लिए थोड़ा वेट करना पड़ेगा।




## चुटकुले

बॉयफ्रेंड अपनी गर्लफ्रेंड से- आओ तुम्हें चांद पर ले जाऊं...
गर्लफ्रेंड- अरे नहीं यार...!!!
बॉयफ्रेंड- लेकिन क्यों...?
लड़की- क्योंकि वहां वॉट्सऐप नहीं चलता है...!

---

चिंटी तीसरी बार ड्राइविंग लाइसेंस के लिए इंटरव्यू देने पहुंची
ऑफिसर अगर एक तरफ आपके पति हो और दूसरी तरफ आपका भाई हो तो आप क्या मारोगी?
चिंटी- पति
ऑफिसर- अरे मैडम आपको तीसरी बार बता रहा हूं कि आप ब्रेक मारोगी।

---

टीचर- एक औरत एक घंटे में 50 रोटी बनाती है, तो तीन औरतें एक घंटे में कितनी रोटी बनाएंगी?
बच्चा- एक भी नहीं!
टीचर- ऐसा क्यों?
बच्चा- वो अकेली हैं इसलिए काम कर रही हैं। तीनों मिलकर सिर्फ बातें करेंगी।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## डीएफएस सचिव का राज्यों को पत्र

### बैंककर्मियों की सुरक्षा करें जिससे निर्बाध सेवाएं सुनिश्चित हो



**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों से बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने कहा है कि राज्य बैंकिंग सेवाओं तक जनता की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करें।

सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव को भेजे पत्र नागराजू ने बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा और जनता के लिए दैनिक वित्तीय जरूरतों और आर्थिक गतिविधियों को पूरा करने के लिए निर्बाध बैंकिंग सेवाएं बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) सचिव ने कहा, हाल के दिनों में समाचार रिपोर्टों और सोशल मीडिया कवरेज ने बैंक परिसर के भीतर असामाजिक तत्वों की ओर से बैंक कर्मचारियों के साथ आक्रामक व्यवहार करने की परेशान करने वाली घटनाएं सामने आई हैं। इनमें मौखिक दुर्व्यवहार, शारीरिक हमला और यहां तक कि परिचालन में बाधा डालना भी शामिल है। उन्होने कहा है कि कृत्य गैरकानूनी हैं और इससे बैंक कर्मचारियों के मनोबल पर असर पड़ता है। नागराजू ने पत्र में लिखा है कि ऐसी घटनाएं बैंकिंग सेवाओं की सुरक्षित डिलीवरी में जनता के विश्वास को कमजोर करते हैं।

उन्होंने कहा, ऐसी कार्रवाइयों से सख्ती से और जल्दी से निपटा जाना चाहिए। बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए और बैंकिंग तक जनता की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित की जानी चाहिए। नागराजू ने कहा कि राज्यों की ओर से बैंकिंग कर्मियों के लिए सुरक्षा से जुड़े उपाय करने से जनता का विश्वास बढ़ेगा। इससे बैंक कर्मचारियों के लिए सुरक्षित वातावरण उपलब्ध होगा और बैंकिंग सेवाओं की प्रभावी डिलीवरी में सुविधा होगी। बीते कुछ महीनों में बैंककर्मियों पर हमलों की बढ़ती घटनाओं के कारण बैंक यूनियनों ने प्रबंधन से शाखाओं में सुरक्षा बढ़ाने की अपील की है। कुछ मामलों में, महिला कर्मचारियों और अधिकारियों को भी ग्राहकों की ओर से परेशान किया गया।

## सोना उच्च गुणवत्ता वाली तरल परिसंपत्ति के रूप में उभर रहा

**नई दिल्ली।** अमेरिका की हालिया व्यापार नीति और वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता के बीच सोने में उच्च गुणवत्ता वाली परिसंपत्ति (एचक्यूएलए) की विशेषताएं दिखी हैं। उच्च-गुणवत्ता वाली तरल परिसंपत्ति (एचक्यूएलए) ऐसी संपत्तियां होती हैं, जिन्हें आर्थिक तनाव के समय में भी, बिना किसी महत्वपूर्ण मूल्य नुकसान के आसानी से और जल्दी से नकदी में बदला जा सकता है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल ने अपनी एक रिसर्च में यह दावा किया है। डब्ल्यूजीसी के अनुसार, उसने पिछले छह महीनों में सोने के व्यवहार का विश्लेषण किया। इसमें अप्रैल में अत्यधिक बॉन्ड बाजार अस्थिरता की अवधि भी शामिल है। अध्ययन में पाया गया कि सोने की अस्थिरता, खरीद-बिक्री का दायरा और व्यापार की मात्रा मध्यम और दीर्घकालिक अमेरिकी ट्रेजरी के बराबर और कुछ मामलों में, उनसे बेहतर थी।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 443 अंक उछला, निफ्टी 24750 के पार

**नई दिल्ली।** गुरुवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 443.79 अंक या 0.55 प्रतिशत चढ़कर 81,442.04 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 130.70 अंक या 0.53 प्रतिशत बढ़कर 24,750.90 अंक पर आ गया।



वैश्विक बाजारों में तेजी के बाद गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में भी खरीदारी दिखी। इस दौरान, प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगातार दूसरे दिन हरे निशान पर बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 443.79 अंक या 0.55 प्रतिशत चढ़कर 81,442.04 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 130.70 अंक या 0.53 प्रतिशत बढ़कर 24,750.90 पर पहुंच गया।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर निगम ने लगाये 2000 पौधे

# महापौर तथा नगर आयुक्त ने हिंडन घाट पर चलाया महासफाई अभियान

## 'पेड़ लगाओ - प्लास्टिक हटाओ' का गाजियाबाद नगर निगम ने दिया संदेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर शहर में पौधारोपण की अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें सभी वार्डों के अंदर 10-10 पौधे पार्षदों के द्वारा लगाए गए। उद्यान विभाग की टीम मौके पर बनी रही। इसी क्रम में महापौर तथा नगर आयुक्त द्वारा हिंडन घाट पर भी विशेष सफाई अभियान चलाया गया जिसमें सफाई मित्रों के साथ-साथ कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी गाजियाबाद नगर निगम का सहयोग करते हुए हिंडन घाट की सफाई की गई।



विश्व पर्यावरण दिवस पर हिंडन घाट की सफाई के बाद इंदिरापुरम स्थित अर्बन फॉरेस्ट पहुंचकर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पौधारोपण किया गया तथा शहर वासियों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दी गई। महापौर तथा नगर आयुक्त द्वारा कार्यक्रम के क्रम में ही मुख्यमंत्री योगी को भी जन्मदिन दिवस की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में पार्षद आनंद गौतम, पार्षद अमित त्यागी, पार्षद संजय सिंह व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### टीम को किया मोटिवेट

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा भी इसी क्रम में शहर की ऐसी भूमि जो रिक्त है जिन पर कूड़ा डाला हुआ है उनको हटाते हुए प्लांटेशन करने की श्रृंखला को आगे बढ़ाने की लिए टीम को मोटिवेट किया। विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दी गई। गाजियाबाद नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर रामवीर तंवर पॉन्ड मैन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे जिनके द्वारा पूर्व में लगाए हुए पौधों का निरीक्षण महापौर तथा नागरिक को कराया गया पूर्व में लगाए हुए पौधे अब वृक्ष बन चुके हैं जिसकी हरियाली को देखकर महापौर द्वारा अन्य स्थानों पर भी इसी प्रकार अर्बन फॉरेस्ट बनाने के लिए टीम को कहा गया। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छ शहर हरित शहर की शपथ महापौर द्वारा उपस्थित जनों को दिलाई गई।





### स्वच्छ शहर - हरित शहर की महापौर सुनीता दयाल ने दिलाई शपथ

**करंट क्राइम।** महापौर द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया जिसमें पार्षदों तथा अधिकारियों ने मिलकर पौधारोपण किया तथा हिंडन घाट पर सफाई की गई। पौधारोपण के क्रम में 2000 पौधे शहर में लगाए गए, गाजियाबाद में सभी कार्य मुख्यमंत्री योगी के दिए गए निर्देशों के अनुपालन में हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।



# हमें नाज है अपने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग पर : वीरेंद्र सारस्वत

## देश से लेकर विदेश तक किया है हमें गौरवान्वित





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हाल ही में तीन देशों की कूटनीतिक यात्रा से लौटे हैं। उन्होंने यूएई कांगो और लाइबेरिया में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का पदार्फाश किया और भारत का पक्ष रखा। सहकारिता क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत ने गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की प्रशंसा करते हुए कहा कि अतुल गर्ग ने देश और विदेश में गाजियाबाद का नाम भी गौरवान्वित किया है।

वीरेंद्र सारस्वत ने कहा कि अतुल गर्ग ने प्रत्येक गाजियाबाद के निवासी को भी गौरवान्वित होने का मौका दिया है। हम गर्व से कह सकते हैं कि हम लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के संसदीय क्षेत्र के निवासी हैं। वीरेंद्र सारस्वत ने कहा कि सांसद अतुल सही मायने में शिष्ट राजनीति का चेहरा है। आज के जन प्रतिनिधियों को व्यवहार और वाचन शैली में उनसे बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। वह शानदार तरीके से देश के भीतर अपनी पार्टी का पक्ष रखते हैं और बात जब अंतरराष्ट्रीय स्तर की आती है तो अतुल गर्ग पूरी दृढ़ता और शालीनता के साथ अपने देश का पक्ष रखते हैं। यह गाजियाबाद के लिए भी एक सम्मान की बात है कि जब भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विदेश यात्रा पर गई तो उनके साथ जाने वाले चुनिंदा तीन सांसदों में एक नाम अतुल गर्ग का था।

जब देश के प्रधानमंत्री ने सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे आतंकवाद और इसके खिलाफ भारत द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अंतरराष्ट्रीय पटल पर सर्व दलीय सांसद प्रतिनिधिमंडल का गठन किया तो यहां भी गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को स्थान मिला। सांसद अतुल गर्ग ने पूरे गाजियाबाद को गौरवान्वित होने का अवसर दिया। शान से कह सकते हैं कि हमारे सांसद अतुल गर्ग है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर अणुव्रत समिति ने किया पौधरोपण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को अणुव्रत समिति गाजियाबाद द्वारा ध्रुव पार्क स्थित अणुव्रत वाटिका में वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर सूर्यनगर के पार्षद एवं समिति के संरक्षक कृष्ण खेमका (शशि), समिति की अध्यक्षता कुसुम सुराणा, जादूगर राजकुमार, बीकमचंद सुराणा, महेंद्र घीया, मधु बैंगानी, अनिल लूनिया, डॉ विनीत जैन और साथ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ध्रुव शाखा से संजय जैन, योगेश खेमका, राजीव गुप्ता, राहुल जैन, अशोक महाजन, सतीश जैन, सुकेश गुप्ता एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर निकिता बैंगानी ने जल संरक्षण पर महत्वपूर्ण चर्चा की उन्होंने कहा प्रकृति ने उपहार के तौर पर तीन बहुमूल्य रत्न प्रदान किए हैं वायु, मिट्टी एवं जल। हमारी पृथ्वी पर 71% हिस्सा जल का है परंतु पीने योग्य मात्र 1% से भी कम है। आज भी साफ पानी के लिए गांव में महिलाएं कई कई किलोमीटर तक पैदल चलकर पानी भरकर लाती हैं। उन्होंने उदाहरण दिया हमारे दादाजी ने पानी 'नदियों' में देखा। इसलिए जल को बचाना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं अपितु यह हर उस इंसान का काम है जो पृथ्वी पर रहता है। इसलिए हम छोटे-छोटे प्रयास करें तो बड़ी जिम्मेदारी को निभा सकते हैं।

# श्रीराम कथा के तीसरे दिन शिव पार्वती कथा प्रसंग सुनाया गया





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** श्रीराम कथा के तीसरा दिन गुरुवार को चित्रकूट धाम से आये कृष्ण प्रताप तिवारी ने शिव पार्वती की कथा से शुरू की। किस प्रकार मां सती अपने पिता दक्ष के हवन यज्ञ में सती हो गई थी। फिर उन्होंने हिमाचल के यहाँ माँ पार्वती के रूप में जन्म लिया तो शिव भोले की माँ पार्वती के साथ शादी हुई जिससे पूरे संसार में प्रेम योग जाग गया एवं शिव भोले नाथ ने माँ पार्वती को श्री राम कथा सुनाई कि किस प्रकार राजा दशरथ के यहाँ कोई बच्चा नहीं हो रहा था। उन्होंने तपस्या की और ईश्वर कृपा के रूप में खुद ईश्वर ही भगवान राम के रूप में माँ कौशल्या के यहाँ और केकयी के भरत सुमित्रा के लक्ष्मण व शत्रुघ्न ने जन्म लिया। पूरी अयोध्या राज व भारत वर्ष व जगत में खुशी की लहर दोड गई और मंदिरो में अपने आप ही घड़ी घंटाले बजने लगे। इस तरह श्रीराम के जन्म पर पूरे जगत में उत्साह का संचार हुआ। इस अवसर पर हरी अग्रवाल, राजीव भाटी (निगम पार्षद), युग गुर्जर, नीलेश मित्तल, मेघ राज रैना, आरके गुप्ता, रामशरण, दीपक मित्तल, किरणपाल भाटी, विध्यभूषण गर्ग, शरद भाटी, समस्त सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने कथा में हिस्सा लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर पार्षद मदन राय ने किया पौधरोपण



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पार्षद मदन राय ने किया पौधारोपण, लोगों से साल में कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। राजेंद्र नगर वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने विश्व पर्यावरण दिवस पर एक खास कार्यक्रम आयोजित किया। वार्ड के पार्क में नगर निगम के सहयोग से पौधारोपण किया और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया।

उन्होंने पर्यावरण को बचाने के लिए अपनी जिम्मेदारी दिखाई। कार्यक्रम के आखिर में सभी लोगों ने पौधों की देखभाल करने का वादा किया। पार्षद ने कहा कि पर्यावरण के बारे में जागरूकता फैलाने वाले ऐसे कार्यक्रमों से समाज में अच्छा संदेश जाता है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय पर किया पौधारोपण





**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय, गाज़ियाबाद में एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और हरित वातावरण को बढ़ावा देने हेतु शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सामूहिक रूप से पौधे रोपे।

पौधारोपण की पहल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव ने की। उनके साथ खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद, लेखा अधिकारी विकास बघेल, जिला समन्वयक रुचि त्यागी एवं कुणाल मुद्गल, एसआरजी पूनम शर्मा, नरेंद्र कौशिक, राजेंद्र शर्मा, सतीश एवं नवीन सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

पौधारोपण करते हुए ओ.पी. यादव ने कहा, पर्यावरण की सुरक्षा हम सबकी सामूहिक ज़िम्मेदारी है। हर पौधा न केवल जीवनदायिनी ऑक्सीजन देता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य की नींव रखता है।

इस अवसर पर सभी उपस्थित अधिकारियों ने आने वाले समय में अधिकाधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया। इसका उद्देश्य न केवल पर्यावरण की सुरक्षा है, बल्कि बच्चों एवं समुदाय में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना भी है। बेसिक शिक्षा विभाग के समस्त विद्यालयों में आज पौधारोपण किया गया और खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार, कविता चौहान, महिमा दयाल, विश्वजीत राठी, इश्क लाल और डॉक्टर अभिषेक ने अपने अपने ब्लॉक में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जीडीए ने किया पौधरोपण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को प्राधिकरण कार्यालय के प्रांगण में वृक्षारोपण किया। तत्पश्चात सचिव, मुख्य अभियन्ता, विशेष कार्याधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर जीडीए उपाध्यक्ष द्वारा प्राधिकरण के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को शपथ दिलाई गयी कि 'मैं प्राकृतिक पर्यावरण - जिसके अन्तर्गत वन, झील, नदी व वन्य जीव है - की रक्षा करूंगा और उसका संवर्धन करूंगा तथा प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखूंगा।

साथ ही पर्यावरण सुधार से जुड़े कार्यक्रम भू-जल संरक्षण (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) प्राकृतिक झीलों का सुधार, वन्य जीवों की रक्षा, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, अत्यधिक एवं सघन वृक्षारोपण, वृक्षों का कटान रोकना, ध्वनि तथा निर्माण कार्यों को इस प्रकार किया जाए, जिससे धूल व अन्य प्रदूषणकारी वस्तुओं को रोका जा सके। इसें अतिरिक्त गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा पर्यावरण सुधार कार्यक्रम के तहत प्रतिवर्ष वृहद वृक्षारोपण, शहर में अधिक से अधिक हरियाली विकसित करने के लिए नये पार्कों का विकास एवं पूर्व विकसित पार्कों का सुदृढ़ीकरण एवं समुचित रख-रखाव करता रहा है। वर्तमान वर्ष 2025-26 में प्राधिकरण को वृक्षारोपण हेतु 81,400 पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष प्राधिकरण द्वारा अपने संसाधनों से कुल 82,000 पौधों का रोपण किया जायेगा।

## बधाई



गाजियाबाद, करंट क्राइम। गुरुवार को गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग के निवास पर समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता पहुंचे। उन्होंने विदेश में भारत का पक्ष रखने के लिए सांसद अतुल गर्ग को बधाई दी। संजीव गुप्ता ने हिंडन एयरपोर्ट सलाहकार समिति में सदस्य बनवाये जाने पर सांसद अतुल गर्ग का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले और एयरपोर्ट सलाहकार समिति सदस्य संजीव मित्तल भी उपस्थित रहे।

# राजनगर एक्स्टेंशन में जीडीए ने चलाया अतिक्रमण विरोधी अभियान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को मेरठ रोड से बन्धा रोड, राजनगर एक्सटेंशन को जोड़ने वाली 45 मीटर चौड़ी सड़क पर किए गए अवैध अतिक्रमण को सफलतापूर्वक हटाकर हजारों शहरवासियों को यातायात जाम से मुक्ति दिलाई। यह अतिक्रमण लंबे समय से लोगों के लिए भारी ट्रैफिक और अनावश्यक देरी का कारण बना हुआ था, जिससे उनकी दैनिक जीवनचर्या बाधित हो रही थी। इस समस्या को लेकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा भी पत्र के माध्यम से जी.डी.ए. को अवगत कराया था।

जी.डी.ए. उपाध्यक्ष ने 30 मई, 2025 को हुई एक समीक्षा बैठक में इस गंभीर समस्या पर गंभीरता से विचार किया और सड़क के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाने के तत्काल निर्देश दिए। इन्हीं निर्देशों का पालन करते हुए, प्रवर्तन जोन-1 ने 5 जून, 2025 को दो विशेष टीमों के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया जो कि पूरे दिन जारी रहा।

अभियान के दौरान स्थानीय विकासकर्ताओं और निर्माणकर्ताओं की ओर से कुछ विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन गठित टीम ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी। स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण उपस्थित रहे। इस कार्रवाई से राजनगर एक्सटेंशन की मुख्य मानी जाने वाली सड़क अब पूरी तरह से जाम मुक्त व यातायात के लिए सुगम है, इससे क्षेत्र के हजारों निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# राजकुमार गोयल इंस्टिट्यूट ऑफ टैक्नोलोजी एंड मैनेजमेंट ने पर्यावरण दिवस पर किया वृक्षारोपण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजकुमार गोयल इंस्टिट्यूट ऑफ टैक्नोलोजी एंड मैनेजमेंट में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर कालिज के डायरेक्ट डा. राकेश गोयल द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर कालिज के वाईस चेयरमैन अक्षत गोयल ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें पर्यावरण संरक्षण के महत्व की याद दिलाता है।

यह दिन प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को समझने और प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर ध्यान देने का अवसर है इसलिए हमें एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। कालिज के निदेशक डा. राकेश गोयल द्वारा कहा गया कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने का मकसद है- लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक और सचेत करना। प्रकृति बिना मानव जीवन संभव नहीं। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि हम पेड़-पौधों के महत्व को समझें। इस अवसर पर कालिज की डीन डा. मनोरमा शर्मा, डा. अरूण कुमार पाण्डे, डा. आभा वत्स, संदीप सिंह आदि अध्यापक एवं स्टाफगण मौजूद रहे।

### पहल फाउंडेशन और सेंको ज्वैलर्स ने शिप्रा सनसिटी में मनाया पर्यावरण दिवस



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पहल फाउंडेशन ने सेंको ज्वेलर्स के साथ शिप्रा सनसिटी के कैसिया पार्क में लोगों को इंडोर प्लांट्स डोनेट किये। साथ ही वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया। इस मौके पर पहल फाउंडेशन के अध्यक्ष सीपी बालियान, सचिव ललित पांडे, वीडी शर्मा, आरपी सिंह, संदीप कुमार, पिंटू तोमर भाजपा नेता, राजकुमार शर्मा, दीपक कुमार, एस सी कपूर, सनी, मलिक इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## भीड़ ने बाइक चोर पकड़ा, अधिवक्ता की बाइक चुराने के बाद दूसरी चोरी का प्रयास, पुलिस जांच में जुटी



**हापुड़ करंट क्राइम।** गुरुवार को एक बाइक चोर को भीड़ ने रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी ने पहले कचहरी परिसर से एक अधिवक्ता की बाइक चुराई। इसके बाद वह मेरठ तिराहे के पास दूसरी बाइक चोरी करने का प्रयास कर रहा था। भीड़ ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। दरअसल, एक युवक मेरठ तिराहे पर संदिग्ध दिखाई दिया। इस दौरान उसने बाइक चुराने का प्रयास किया। जिस पर लोगों ने उसे पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने पहले भी कई बाइक चोरी की वारदातें की हैं। उसके पास से अधिवक्ता की चोरी की गई बाइक बरामद हुई है। कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। मामला दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं आरोपी किसी गिरोह का हिस्सा तो नहीं है।

# वैशाली सेक्टर-1 में विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया पौधरोपण

## सरदार पटेल युवा केंद्र ने पार्षद कुसुम गोयल को किया सम्मानित



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को वैशाली सेक्टर 1 नाले के साथ-साथ नव निर्मित ग्रीन बेल्ट पर क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल, नगर निगम के मुख्य अभियंता एवं वरिष्ठ उद्यान प्रभारी एनके चौधरी, डॉ. अनुज उद्यान प्रभारी द्वारा वृक्षारोपण किया गया। लगभग 50 नीम, जामुन, पीपल, बरगद के पेड़ इस अवसर पर लगाए गए। आज से 3 महीने पहले इस जगह पर गंदगी और कूड़ा पड़ा रहता था। पार्षद निधि से ग्रीन बेल्ट पर रेलिंग लगाकर और मिट्टी डलवा कर इसको हरा-भरा कराया जा रहा है। साथ में नाला है जिसकी वजह से बदबू क्षेत्र में लगातार बनी रहती है। हरियाली होने से और पौधे लगने से पर्यावरण भी अच्छा रहेगा और नाले की गंदगी का असर भी कम से कम होगा। इस कार्य के लिए पार्षद द्वारा महापौर सुनीता दयाल एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया और पौधे लगाए। समाजसेवी महेंद्र सिंह (फाउंडर सरदार पटेल युवा केंद्र) द्वारा पार्षद को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में लगातार विकास कार्य जारी है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिनेश शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता, अवधेश कटिहार, विनोद कुमार, शिव शंकर उपाध्याय, डॉ. एस एन शर्मा, प्रमोद सिंगल, के एल शर्मा, मंगल सिंह, एसके उपाध्याय, प्रमोद वर्मा, भूपेंद्र, हरिओम गुप्ता, जयपाल सिंह, घनश्याम गुप्ता, रमेश मिश्रा, वीर सेन मित्तल, पंकज शर्मा, संजय सिंह, राज सिंह, दुष्यंत गौतम, रेनू नेगी, तिरपता ढींगरा, कैलाश गोयल, अशोक गुप्ता, पहलाद सिंह, बिजी सिंह, तेजवीर सिंह, अनिल श्रीवास्तव, राजेश कटियार, अशोक अग्रवाल, राजेश उपाध्याय उपस्थित रहे।

# सुरभि का शुभविवाह प्रभात के साथ धूमधाम से संपन्न





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रालोद के वरिष्ठ नेता अमरजीत सिंह बिड्डी की भतीजी समरजीत सिंह की सुपुत्री सुरभि का शुभ विवाह 4 जून को जगदीश पाल सिंह के सुपुत्र प्रभात सिंह के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। वेदांता फार्म हाउस में आयोजित विवाह समारोह में समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार में एक नेता ने पूरे धीरज से रखी अपनी बात? कहा हम उस वक्त हैरान हो गये, जब एक मैम्बर के क्षेत्र में निगम की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची? हमने इस मौके पर सुनी ठेली वालों की आवाज? वो कह रहे थे आप किस बिनाह पर हमें हटा रहे हो? हम तो भगवा मैम्बर को सुविधा शुल्क दे चुके हैं साहब? हम पर बाद में करना कार्यवाही, पहले मैम्बर से करो बात? अगर वो ये कहेंगे कि मैंने कुछ नहीं लिया है? हम यहां से खुद ही चले जायेंगे जनाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ में इस वक्त कई सेकेंड लाईन के वरिष्ठ चेहरे खुद को कर रहे हैं साईलेंट? कह रहे हैं हमें कुछ खास पूछा नहीं जा रहा है? चुप रहना ही अच्छा है, हम नहीं होना चाहते हैं वॉयलेंट? विपक्ष से आये चेहरों को हमने लेते देखा है मंच पर स्थान? बस ये सीन देखकर हमारा मन हो जाता है परेशान? इसलिए हमने सेक्टर संयोजक के नाते क्षेत्र में चल रहे कार्यक्रम से बना ली दूरी? जब तवज्जों ही नहीं मिल रही है? इसलिए हमने कार्यक्रम में जाना नहीं समझा कुछ ज्यादा जरूरी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पूरे प्रताप से अमित भैया आजकल फेस बुक पर उगल रहे हैं फायर? ऐसा लग रहा है जैसे उदय ले चुका हो कोई क्रान्तिकारी शायर? उन्होंने कसा था संगठन में चल रही गुटबाजी को लेकर तंज? हमने इस तंज पर जब आने वाले कमेंट पर डाली नजर, तब बढ़ गई हमारी फिक्र? कमेंट लिखने वाला कार्यकर्ता दे रहा था संदेश? वो कह रहा था संगठन के एक बड़े नेता ने हमसे कहा था पहले तुम ईलाज बांधते थे, अब तुम्हारा ईलाज बंध रहा है? कहने वाले ने कहा हम दंग हैं इस बात से? क्योंकि ये मामला पहले इतना नहीं तंग रहा है?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं भविष्य में होने वाली एक घोषणा की कहानी? देखना महामंत्री पर एक दलित महिला चेहरे को दायित्व मिलेगा? हमने लखनऊ में सुनी है उस महिला चेहरे की मजबूत वाली कहानी? एक चेहरे से महामंत्री वाले पद पर दलित और महिला कोटा हो जायेगा सेट? कहने वाले ने कहा ये चेहरा कभी एवीबीपी से जुड़ा था? ज्यादा टटोलने वलो टटोलेंगे तो तस्वीर सामने आने पर हो जायेंगे अपसेट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी थी 11 वर्ष वाले कार्यक्रम पर नजर? हमने देखा जो कार्यक्रमों में योगदान दे रहे हैं? उन्हीं की, की जा रही है फिक्र? तोड़ने वाले ने पुरानी परम्पराओं को तोड़ दिया है यार? मेरिट पर काम करने वालों को मंच पर किया जा रहा है स्वीकार? हम देख रहे थे कार्यक्रम के दौरान सभी महानमंत्री सामने वाली पंक्ति में बैठे थे? कहने वाले ने गजब का ईलाज किया है यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कांग्रेस के पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने जब की अपनी व्यथा करंट क्राइम में जाहिर? कराया इस बात का एहसास? जितने वो कर्मठ हैं, उनको उतना नहीं मिल रहा है भाव? सुना है उनकी इस व्यथा पर लगाया पूर्व जिला अध्यक्ष बिजेन्द्र यादव ने मरहम? कहा अगर आप जैसे कर्मठ कार्यकर्ता के साथ भी ऐसा हो रहा है? तो ये वाकई में है सितम? कहने वाले ने कहा संगठन में हो गये हों भले ही परिवर्तन? मगर गुटबाजी का मामला अभी भी खूब दिख रहा है सनम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम देख रहे हैं पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप आजकल भाजपा के हर मंच पर आ रहे हैं नजर? सक्रियता का वो करा रहे हैं भरपूर एहसास? मगर लंबा समय बीतने के बावजूद नहीं हो रही है उनकी फिक्र? वैसे भी वो मंच पर नजर आने के अलावा अपनी सक्रियता का विभिन्न कार्यक्रम कराकर देते रहते हैं पैगाम? हमें तो चिंता इस बात की है कि दिल बहलाने के लिए पार्टी के नेता मंच तक ही सीमित ना कर दें उनका नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं चला तो जाता गर्ग साहब के सम्मान में आयोजित संस्मरण वाले कार्यक्रम में? मगर जाते जाते मुझको एक बात आई ध्यान? मैंने सोचा कि मैं अगर कमांडर के कहने पर जाऊंगा? तो भी नहीं होना है मेरी समस्या का समाधान? पहलवान के अलावा उनके दो-तीन चेहरे हैं खास? मुझे पता है मैं नहीं कर सकता उनको बाईपास? कुछ ऐसा ही है गर्ग साहब का हाल? वो हमसे पहले मिस्टर मैदी और अपने प्रिय कुशवाहा का रखेंगे ख्याल? इसलिए मैं जहां हूं, जिधर हूं ठीक हूं? मुझे अच्छा लग रहा है भगवा योद्धा के नाल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस वक्त भगवागढ़ के बड़े घरानों में एक बड़ी चर्चा दे रही है सुनाई? कहने वाले कह रहे हैं एक बड़े वाले जनप्रतिनिधि ने खरीद ली है एक बड़ी वाली औद्योगिक इकाई? कहने वाले यहां तक भी नहीं रूक रहे? वो धीरे से इसकी कीमत भी दे रहे हैं बताई? कह रहे हैं सौदा 200 खोखे से ऊपर का हुआ है? आपको कुछ पता भी है भाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था भगवागढ़ के एक कार्यकर्ता के पास? मैंने जब उसे कुरेदा तो उसकी दर्द भरी आवाज बाहर आई? उसने कहा गुटबाजी बड़े नेताओं के बीच में होती है और हम जैसा कार्यकर्ता पिसता है भाई? वो कह रहा था कि हमारा बहुत था गर्ग साहब के संस्मरण सुनने का मन? हम इसलिए दूरी बना गये ताकि हम पर ना हो कोई सितम? आसमान में जो उड़ी है पतंग वो कभी ना कभी तो है कटी? इसलिए एक पक्ष के साथ ही रहना ठीक है? क्योंकि सावधानी हटी और दुर्घटना कटी?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# पांचाल परिवार ने किया भंडारे का आयोजन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पांचाल परिवार प्रतिवर्ष गंगा दशहरा पर्व पर भंडारे का आयोजन करता है। पांचाल परिवार के स्वर्गवासी श्री रामफल पांचाल प्रधान द्वारा पिछले 30 सालों से भंडारे का आयोजन होता रहा। वह वर्ष 2007 में परमपिता के चरणों में विलीन हो गए। उनकी इस परंपरा को पांचाल परिवार के कृष्णपाल पांचाल बृजपाल पांचाल किरण पाल पांचाल मुकेश पांचाल तथा श्रीमती शांति देवी और पुत्र धर्मपाल पांचाल जिंदा रखे हुए हैं। गंगा दशहरा पर्व पर पांचाल परिवार के भाइयों धर्मपाल कृष्ण पाल बृजपाल किरण पाल और मुकेश पंचाल ने भंडारे का आयोजन किया।


## हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए : भूपेंद्र उपाध्याय



साहिबाबाद, करंट क्राइम। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने गुरुवार को वार्ड 41 महाराजपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण किया। भूपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि सृष्टि व पर्यावरण की रक्षा के हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। कहा कि विकास की रफ्तार में पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। इस कारण सड़क के किनारे अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। ताकि राहगीर को छाया भी मिल सकें और पर्यावरण की भी रक्षा हो सके।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अपने पूर्वजों के प्रति आस्था और श्रद्धा हमेशा खानदानी लोग रखते हैं। वह हमेशा इस बात को याद रखते हैं कि उनके पूर्वजों ने उन्हें क्या संस्कार दिए हैं। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपने दादा स्वर्गीय श्री बद्रीनाथ जी को याद किया। उन्होंने अपने स्वर्गीय दादा बद्रीनाथ जी के प्रति अपने भावों को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। परिवार के दिवंगत बुजुर्गों के प्रति श्रद्धा आस्था की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# 'विकसित भारत का अमृतकाल : सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' विषय पर विशेष कार्यशाला आयोजित

**- 9 से 21 जून तक प्रदेश व्यापी स्तर पर संचालित होंगे पौधरोपण कार्यक्रम**







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'विकसित भारत का अमृतकाल : सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' विषय पर एक विशेष जन जागरूकता अभियान 9 से 21 जून 2025 तक प्रदेश व्यापी स्तर पर संचालित किया जाएगा। इसी क्रम में आज गोल्डन व्यू रिजॉर्ट, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद में एक महानगर स्तरीय विशेष संगठनात्मक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। यह अभियान उस विकास गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का एक संगठित प्रयास है। आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी गई।

सतेन्द्र शिशौदिया ने आगे बात बढ़ाते हुए कहा वृक्षारोपण कार्यक्रम 5 जून से चलकर 15 दिन तक लगातार चलेगा। जिसमें प्रत्येक व्यक्ति पांच पौधे लगाते हुए एक पौधा मां के नाम लगाएगा। 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस, 25 जून को आपातकाल का काला दिवस मनाया जाएगा। जिसके लिए प्रदर्शनी और संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा, मोदी सरकार ने बीते 11 वर्षों में राष्ट्र के हर क्षेत्र – आधारभूत संरचना, तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा – में क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं। यह अभियान हमें यह अवसर देता है कि हम इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा एवं महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थिति : क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व महापौर आशु वर्मा, आशा शर्मा, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, रूप चौधरी, पूर्व अध्यक्ष अमरदत्त शर्मा, अशोक मोंगा, विजय मोहन, अजय शर्मा, पवन गोयल, महेश अग्रवाल, राजेश्वर प्रसाद, योगेश त्रिपाठी, रुचि गर्ग, अनीता शर्मा, रनिता सिंह, इंदु जौहरी, पूनम कौशिक, साक्षी नारंग, पप्पू पहलवान, राजेश त्यागी, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा, विनोद कसाना, संजय रावत, चमन चौहान, संजीव झा, महेंद्र यादव, बब्बल यादव, कामेश्वर त्यागी, प्रदीप चौधरी सहित मंडल अध्यक्षगण, मंडल संयोजक, सह संयोजक, शक्ति केंद्र संयोजक, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ प्रमुख, तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक सफलता के सम्मान में किया गया हवन




**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी में भारतीय सेना द्वारा हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न किए गए ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक उपलब्धि और उसमें सम्मिलित सैनिकों के अद्वितीय शौर्य, पराक्रम और दृढ़ संकल्प के सम्मान में गुरुवार को भाजपा नेता एवं किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पंडित ललित शर्मा द्वारा विशेष हवन एवं भंडारे का आयोजन मैन बेहटा नहर रोड, संगम विहार स्थित कैंप कार्यालय पर संपन्न हुआ, जिसमें गाजियाबाद के यशस्वी जिला अध्यक्ष चौधरी चैन पाल सहित बड़ी संख्या में सम्मानित सभासद गण, भाजपा के पदाधिकारियों एवं राष्ट्रभक्त नागरिकों, युवाओं, सामाजिक संगठनों, महिलाओं तथा वरिष्ठजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जिला अध्यक्ष चौधरी चैन पाल ने इस मौके पर कहां कि ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल भारत की सुरक्षा को और सशक्त किया, बल्कि हर भारत वासी का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है। पंडित ललित शर्मा ने कहां कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति साफ दशार्ती है कि देश में बच्चा-बच्चा सैनिकों के और देश के सम्मान के लिए हमेशा तैयार रहता है।

# लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष अतुल जैन ने किया सांसद अतुल गर्ग का स्वागत सम्मान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों को पालकर जिस तरह का आतंक फैलाने का कार्य किया जा रहा था उसका अब पूर्ण रूप से भंडाफोड़ हो गया है और पाकिस्तान की पोल खुल गई है। भारत ने विभिन्न देशों में सर्व दलीय प्रतिनिधिमंडल भेजे। बड़े ही गर्व की बात है कि हमारे लोकप्रिय सांसद अतुल गर्ग को भी चार देशों की यात्रा पर प्रतिनिधिमंडल के साथ भेजा गया था जहां पर भारत की ओर से पाकिस्तान की पोल खोलते हुए और उनकी सेना के संरक्षण में आतंकवादियों द्वारा की गई अमानवीय कायरता पूर्ण कृत्य के बारे में सभी को बताया गया। अतुल गर्ग द्वारा चारों देशों की सरकार और उनके मंत्रियों के साथ बैठक करके पाकिस्तान के द्वारा की गई समस्त कायराना हरकत को विस्तार से बताया और अपने देश का पक्ष सभी के सम्मुख रखा। सांसद अतुल गर्ग का गाजियाबाद पहुंचने पर भव्य स्वागत सम्मान पार्टी के कार्यकर्ताओं और समाज के सभी वर्गों द्वारा किया गया। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष एवं टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन के महासचिव डॉ. अतुल कुमार जैन ने उनके निवास पर पहुंचकर पुष्प गुच्छ भेंट करके सांसद अतुल गर्ग का स्वागत सम्मान किया और बताया कि गाजियाबाद शहर के लिए और यहां के सभी निवासियों के लिए बड़े ही गर्व की बात है कि लगातार शीर्ष नेतृत्व द्वारा हमारे सांसद को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाती है यह सभी उनकी क्षमता का प्रमाण है।

# बकरीद के अवसर पर गौवंश कुर्बानी की साजिश नाकाम : विधायक नंदकिशोर गुर्जर



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर द्वारा पुलिस आयुक्त, गाजियाबाद को पत्र भेजकर बकरीद के मौके पर लोनी क्षेत्र में एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस के बावजूद गौवंश एवं अन्य प्रतिबंधित पशुओं की अवैध कुर्बानी की साजिश को लेकर गंभीर चिंता जताई है।

विधायक ने बताया कि बुधवार की रात उनकी विशेष टीम व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा थाना अंकुर विहार क्षेत्र स्थित खन्नानगर चौकी के पास तीन गौ तस्करों को रंगे हाथ पकड़ा गया, जो राशिद अली गेट से गाय और भैंस कुर्बानी के लिए ले जा रहे थे। विधायक ने पत्र में पुलिस चौकी इंचार्ज की भूमिका को संदिग्ध बताया। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को 5000 रुपए रिश्वत देने की बात भी स्वीकार की, जिसे विधायक ने अत्यंत गंभीर मामला बताया है। विधायक ने पुलिस को तत्काल सघन तलाशी अभियान चलाकर सभी प्रतिबंधित पशुओं की बरामदगी सुनिश्चित करने को कहा। लोनी विधायक मामलें में 06 जून को सामाजिक चिंतन हेतु बलराम नगर कार्यालय पर विशेष बैठक का आयोजन किया जाएगा।

# पूर्व पार्षद जाकिर सैफी ने उठाए नगर निगम की कार्यशैली पर गंभीर सवाल

## बोले नगर निगम के अधिकारी महापौर को करते हैं गुमराह, नहीं दिए जा रहे सवालों के जवाब

**- कई इलाकों में नियम के विपरीत काम करने और तबादला होने के बाद लंबे समय से अधिकारियों के जमे रहने का भी लगाया आरोप**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम के पूर्व पार्षद जाकिर सैफी ने नगर निगम के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने जहां नगर निगम में भ्रष्टाचार चरम पर होने की बात की है। तो वहीं कहा है कि नगर निगम के अधिकारी उन्हें आरटीआई के तहत भी जवाब नहीं दे रहे हैं। इसके साथ ही उनका आरोप है कि नगर निगम में दर्जनों ऐसे अधिकारी हैं, जिनके तबादले हो जाने के बावजूद वह यहां आर्थिक लाभ पाने के चक्कर में रुके हुए हैं। उनका आरोप है कि इस ओर ना तो नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और ना ही वह शासन और मुख्य सचिव द्वारा जारी निर्देशों को मान रहे हैं। इस दौरान पूर्व पार्षद जाकर सैफी के साथ गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व पार्षद संजय, पूर्व पार्षद मनोज चौधरी, वर्तमान पार्षद शशि गौतम, उनके पति डॉ. पवन गौतम और पार्षद रुखसाना सैफी सहित अन्य लोग साथ रहे। वहीं जाकिर सैफी ने जहां नगर निगम के द्वारा उनके इलाके और कई प्रमुख हिस्सों में पानी की सप्लाई ठीक प्रकार से न होने और साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त न होने का आरोप लगाया है। तो वहीं उन्होंने कहा है कि नगर निगम में ट्रांसफर किए गए अधिकारी यहां से रिलीव नहीं किया जा रहे हैं। तो वहीं उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारी पहले बिना जांच पड़ताल के निर्माण कार्य करवाते हैं। फिर उनका वह निर्माण कार्य तोड़ा जाता है, जिससे जनता और निगम का लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। पूर्व पार्षद जाकिर सैफी ने तमाम दस्तावेज और घटनाक्रम का हवाला देते हुए कहा है कि लगातार नगर निगम के अधिकारी महापौर को गुमराह कर रहे हैं, उनको सही जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। नगर निगम से जानकारी मांगी थी कि नगर निगम नई बिल्डिंग कहां बनाई जा रही है, क्या नियम हैं। वन विभाग से पेड़ काटने की अनुमति ली गई है कि नहीं ली गई है। पूर्व पार्षद जाकिर सैफी ने आरोप लगाया है की ट्रांसफर किए गए अधिकारी भी गाजियाबाद से रिलीव नहीं किया जा रहे हैं।

पत्रकार वार्ता के दौरान पार्षद शशि गौतम के पति डा. पवन गौतम ने नगर निगम द्वारा अधिक रेट देकर स्ट्रीट लाइट खरीद जाने के मुद्दे को फिर गंभीरता से उठाया है। उन्होंने कहा पिछले दिन उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी, उसके बावजूद भी इस ओर अधिकारियों द्वारा संज्ञान नहीं लिया जा रहा है।

## गाजियाबाद में फर्जी जमानतदार गिरफ्तार

# फेक आधार और खतौनी से जमानत दिलाने वाले 7 आरोपी पकड़े, 8 फरार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** क्राइम ब्रांच और स्वाट टीम ने फर्जी जमानत बांड भरने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 8 अभी फरार हैं। एडीसीपी क्राइम ब्रांच पीयूष सिंह के अनुसार, यह गिरोह 2020 से सक्रिय था। गिरोह का तरीका था कि वे जेल में बंद ऐसे कैदियों को टारगेट करते थे, जिनकी जमानत कोर्ट ने मंजूर कर ली हो। इसके बाद वे खतौनी के दस्तावेज निकालते और जिन व्यक्तियों के नाम जमीन होती, उनके नाम के फर्जी आधार कार्ड बनाते थे। फिर इन फर्जी दस्तावेजों को अदालत में पेश कर जमानत करवा देते थे।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 21 आधार कार्ड, 18 खतौनी दस्तावेज, थाने और अन्य कार्यालयों की मोहरें तथा वकालतनामे बरामद किए हैं। पूछताछ में सामने आया है कि यह गिरोह गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में सक्रिय था। आरोपियों ने बताया कि वे जमानत मंजूर होने के बाद कैदी के परिवार के संपर्क में आते और फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमानत की प्रक्रिया पूरी करते थे। अभी तक पूछताछ में पता चला है कि यह गैंग साल 2020 से इस तरह की घटना को अंजाम दे रहा है। यह गैंग किसी भी आधार कार्ड पर फोटोशॉप का इस्तेमाल करके नाम पिता का नाम और फोटो चेंज करके फर्जी आधार कार्ड बनाते थे। पहले इस गैंग के लोग नौकरी किया करते थे। फिर अधिक लालच के चक्कर में नौकरी छोड़कर इस फोर्ड में आ गए। पकड़े गए आरोपियों के नाम अनोज यादव, इसरार, बबलू, लोकेंद्र, राहुल शर्मा, सुनील कुमार और विकास राजपूत है।

# जर्मनी में भीषण तूफान के चलते रायनएयर के विमान की आपात लैंडिंग

**बर्लिन ।** पुलिस के मुताबिक, विमान बर्लिन से मिलान जा रहा था। विमान में 179 यात्री और छह क्रू मेंबर सवार थे। रात करीब 8.30 बजे तूफान के चलते विमान में तेज झटके महसूस हुए, जिसके चलते पायलट को बिना किसी पूर्व सूचना के विमान को बावेरिया के मेमिंगन एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। विमान में तेज झटकों की वजह से आठ यात्री और एक क्रू मेंबर घायल हो गए।

### तीन घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घायल हुए तीन लोगों को इलाज के लिए मेमिंगन के अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य लोगों को हल्की चोटें आने के चलते इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। हालांकि, एहतियात के तौर पर आपातकालीन सेवाओं ने सभी यात्रियों की जांच की।



एयरलाइन ने बसों के द्वारा यात्रियों को गंतव्य तक भेजा इसके बाद, अधिकारियों ने विमान को दोबारा उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी, जिसके चलते एयरलाइन को यात्रियों के लिए बस परिवहन की व्यवस्था करनी पड़ी, और यात्रियों को बस के द्वारा उनके गंतव्य तक भेजा गया। बता दें कि मिलान, मेमिंगन से करीब 380 किलोमीटर दक्षिण में है।

**तूफान के चलते कई घरों की छतें उड़ीं :** जर्मन समाचार एजेंसी उद्धअ के मुताबिक, तूफान से देश के दूसरे इलाकों में भी नुकसान हुआ। उल्म और बाडेन-वुर्टेमबर्ग में कई घरों की छतें उड़ गईं। डोनास्टेटेन जिले में भी तेज हवाओं के चलते कुछ घरों की छतें उड़ गईं। हालांकि, तूफान से किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। अग्निशमन अधिकारियों ने एक छोटे बवंडर या जलप्रपात के कारण नुकसान होने का संदेह जताया है। जर्मन मौसम सेवा (डीडब्ल्यूडी) घटना की जांच कर रही है।

## नौ लोग घायल

**जर्मनी में आए भीषण तूफान के चलते बुधवार (स्थानीय समयानुसार) देर रात रायनएयर के विमान की आपात कालीन लैंडिंग करानी पड़ी। जर्मन पुलिस के बृहस्पतिवार को बताया कि तेज तूफान के चलते विमान में सवार नौ लोग घायल हो गए**

# पुतिन-ट्रंप ने फोन पर भारत-पाक संघर्ष पर की चर्चा, पाकिस्तान ने रूस से मदद मांगी

**मॉस्को ।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई फोन बातचीत में भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष का मुद्दा भी उठा। यह जानकारी क्रेमलिन के एक वरिष्ठ सलाहकार यूरी उशाकोव ने बुधवार को दी। उशाकोव ने एक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि दोनों नेताओं ने यूक्रेन संकट के अलावा मिडिल ईस्ट और भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सशस्त्र संघर्ष पर भी बातचीत की।

### ट्रंप ने श्रेय लेने की कोशिश की, भारत का इनकार

बता दें कि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई मौकों पर भारत-पाकिस्तान के बीच हुई संघर्ष विराम का श्रेय लेते नजर आए हैं। वहीं इस मामले पर भारत का साफ कहना है कि कि संघर्षविराम की सहमति भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं के डीजीएमओ (डायरेक्टर्स जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस) के बीच सीधे बातचीत के जरिए बनी थी, किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से नहीं।



इस बीच, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रूस से भारत के साथ तनाव कम करने में मदद करने की अपील की है। यह जानकारी पाकिस्तान के पीएम के विशेष सलाहकार सैयद तारिक फातमी ने दी। फातमी ने मंगलवार को मॉस्को में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की और प्रधानमंत्री शरीफ का एक पत्र पुतिन को सौंपा। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि रूस भारत और पाकिस्तान को बातचीत के लिए एक मंच पर लाने में अपनी भूमिका निभाए। हम राजनयिक हल के लिए तैयार हैं'। रूसी समाचार एजेंसी टीएएसएस के अनुसार, फातमी ने कहा कि पाकिस्तान किसी भी ऐसे रूसी प्रयास का स्वागत करेगा जो दोनों देशों के बीच तनाव को कम करे।

भारत को रूस का समर्थन बता दें कि, कुछ दिन पहले ही डीएमके की सांसद कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल रूस दौरे पर गया था। इस दौरे में प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद पर रूस को जानकारी दी और भारत की 'आतंकवाद पर शून्य सहिष्णुता' की नीति पर रूसी समर्थन हासिल किया।

# हज के लिए सऊदी अरब पहुंचे 15 लाख से ज्यादा विदेशी, 40 डिग्री तापमान में कर रहे पैदल यात्रा

**अराफात ।** सऊदी अरब में इस साल हज के लिए 15 लाख से ज्यादा विदेशी पहुंचे हैं। हज मंत्रालय के प्रवक्ता गस्सान अल-नुवैमी ने बुधवार को विदेशियों के पहुंचने की अनुमानित संख्या बताई। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि सऊदी अरब से कितने जायरीन हज में भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले साल 1,611,310 विदेशी हज यात्रा के लिए सऊदी पहुंचे थे।


हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है। यह मुसलमानों का एक धार्मिक दायित्व है, जिसमें अनुष्ठान और पूजा-पाठ शामिल है। जो लोग शारीरिक और आर्थिक रूप से सक्षम हैं, उन्हें जिंदगी में एक बार हज यात्रा जरूर करनी चाहिए।



40 डिग्री तापमान में सामान उठाकर पैदल चल रहे लोग हज मंत्रालय के अनुसार, बुधवार को अराफात में हाजियों का तांता लगा रहा। कुछ लोग 40 डिग्री तापमान में अपना सामान लेकर पैदल यात्रा करते दिखाई दिए। इसके अलावा, कुछ लोग बुजुर्गों की मदद कर रहे थे। हज मंत्रालय के प्रवक्ता अल-नुवैमी ने बताया कि कुछ लोग थक कर जमीन पर बैठ गए। कुछ आराम कर रहे थे और कुछ खाना खा रहे थे। इसके बाद वह अपने शिविरों की ओर बढ़े।

माउंट अराफात मक्का के दक्षिण-पूर्व में एक पहाड़ी है, जो इस्लाम में बहुत पवित्र मानी जाती है। अराफात का उल्लेख कुरान में किया गया है। माना जाता है कि यहीं पर पैगंबर मुहम्मद ने अपने अंतिम हज के दौरान आखिरी उपदेश दिया था। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार, अराफात का दिन साल का सबसे पवित्र दिन होता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन खुदा अपने वफादारों के करीब आते हैं और उनके पापों को माफ करते हैं।

कंकड़ इकट्ठा करने मुजदलिफा के रेगिस्तान जाएंगे हाजी हाजी आधी रात से लेकर सूरज डूबने तक अराफात में दुआ और ध्यान करते हैं। बृहस्पतिवार को सूरज डूबने के बाद, हाजी मुजदलिफा के रेगिस्तान में जाएंगे, जहां वे कंकड़ इकट्ठा करेंगे। इन कंकड़ों का उपयोग वे एक अनुष्ठान में करेंगे। गर्मी से बचाव को इस बार लगाए गए 10 हजार पेड़ सऊदी अरब ने हज के दौरान भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा उपायों पर अरबों डॉलर खर्च किए हैं। हालांकि, इतनी बड़ी भीड़ में सबकी सुरक्षा सुनिश्चित करना मुश्किल होता है। हाल के वर्षों में हज में सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक गर्मी रही है। इस सप्ताह की शुरूआत में स्वास्थ्य मंत्री फहद बिन अब्दुलरहमान अल-जलाजेल ने बताया कि इस बार गर्मी से बचाव के लिए 10,000 पेड़ लगाए गए हैं। अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या बढ़ाई गई है और पैरामेडिक्स की संख्या भी तीन गुना कर दी गई है।


KINGS & QUEENS PARTY HALL
Madan's SINCE 1985
KINGS & QUEENS PARTY HALL
Now Available at Rakesh Marg All customers are welcome
Best Location & Reasonable Price
KQ
97/26 RAKESH MARG, NEHRU NAGAR, GZB, OPP. UCO BANK
CONTACT: 9818929990